रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, बुधवार 19 जून 2024, वर्ष 10, अंक 165, पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

मोदी को शांति स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए, मोदी के अलावा बहुत कम वैश्विक राजनेता इतने प्रभावशाली

भारत ने 21वीं सदी की दुनिया में बेहतर तरीके से काम किया, वो भी तब जब अलग- अलग पावर सेंटर दिखाई दिए

पिछले कुछ वर्षों में अलग-अलग चुनौती सामने आई है। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास का युद्ध भले ही भारत से दूर हो रहा है लेकिन असर न पड़े यह कैसे हो सकता है। हाल ही में ताइवान को को लेकर भी तनाव बढ़ा हुआ है और यह भी एक चुनौती सामने है। ऐसे में भारत की भूमिका और भी बढ़ जाती है।

नई दिल्ली

एक लंबे और कठिन चुनाव अभियान के बाद इटली में G-7 के दिग्गजों के साथ मोदी की मुलाकात सिर्फ मोदी 3.0 के लिए नहीं थी। यह वैश्विक संघर्षों पर चर्चा करने का भी अवसर था जो विश्व व्यवस्था को बदल रहे हैं। मोदी ने यहां तो नेताओं से मुलाकात की लेकिन बड़ी समझदारी से स्विस-यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन को छोड़ दिया जो इसके तुरंत बाद हुआ। हालांकि भारत ने शिखर सम्मेलन में सचिव स्तर का प्रतिनिधिमंडल भेजा था। यूक्रेन में शांति को लेकर आयोजित किए गए स्विट्जरलैंड शिखर सम्मेलन के लिए जारी साझा बयान से भारत ने खुद को अलग रखा। भारत ने साझा बयान पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। रूस के टेबल पर न होने के कारण शिखर सम्मेलन के प्रयास बहुत आगे नहीं बढ़ पाए। लेकिन भारत के लिए इन शांति प्रयासों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करना अच्छा होगा। **एक चुनौतीपूर्ण दुनियाः** भारत ने 21वीं सदी की दुनिया में बेहतर तरीके से काम किया है। वो भी तब जब कभी एक, कभी दो तो कभी अलग- अलग पावर सेंटर दिखाई दिए। वर्तमान में एक तरह से अलग-अलग पावर सेंटर दिखाई दे रहे हैं। इनमें भारत भी एक पावर सेंटर बनने की आकांक्षा रखता है। हालांकि एक वैश्विक महामारी, एक आर्थिक मंदी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध और ताइवान के आसपास एक और संघर्ष का खतरा। 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था के अपने सपने को साकार करने के लिए भारत को न केवल इन चुनौतियों के अनुकूल ढलना होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए इन चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों को कम करना होगा। भारत की मजबूत विकास दर - 2023-24 में 8% से अधिक और 2024-25 में अपेक्षित 7% युद्ध के विस्फोटों से पटरी से उतर सकती है। इसलिए भारत को वैश्विक संघर्षों के प्रभावों को कम करने में सक्षम विदेश नीति की आवश्यकता होगी और बाहरी झटकों से निपटने के लिए एक सक्रिय रणनीति बनानी होगी। **भारत के लिए क्या है खतराः** भारत के लिए सबसे तात्कालिक चिंता उसके दरवाजे पर रणनीतिक चुनौती है। हमारे सैनिक चीनी सैनिकों के साथ आंख से आंख मिलाकर खड़े हैं। चीन की आक्रामक रणनीति भारत के सामने चुनौती पेश कर रही है। इसका मुकाबला करने के लिए, भारत को अपने पूरे कूटनीतिक अस्त्रों का उपयोग करना चाहिए। साझेदारी बनानी चाहिए और चीनी मुखरता को रोकने के लिए क्वाड जैसे संगठन का लाभ उठाना चाहिए। चीनी व्यवहार भारत को बीजिंग के मुख्य रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी अमेरिका और उसके सबसे बड़े सहयोगी रूस के साथ बातचीत करने का अतिरिक्त कारण देता है।

प्रेशर पॉलिटिक्सः दो प्रमुख शक्तियां चीन और रूस और एक शक्ति ईरान, अमेरिकी नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। ये राजनीतिक संघर्ष भारत की तरक्की के लिए भी जोखिम पैदा करते हैं। चीन एशिया और उसके बाहर अमेरिका के खिलाफ खुद को मजबूत कर रहा है, जबकि रूस नाटो के विस्तार के खिलाफ दबाव बना रहा है। ईरान सीधे और प्रॉक्सी के माध्यम से अमेरिका को चुनौती दे रहा है, क्योंकि वह इजरायल का सामना कर रहा है। ये कम्पटीशन विभिन्न तरीकों से प्रकट होती हैं। यूरोप में जहां रूस और यूक्रेन लड़ाई को बढ़ाते हैं, लेकिन अपनी-अपनी शर्तों पर शांति की मांग करते हैं। पश्चिम एशिया में जहां नागरिकों की जान जाने के कारण सभी पक्ष इजरायल और हमास को बातचीत की मेज पर लाने के लिए दबाव डाल रहे हैं, लेकिन इसका भी कोई हल नजर नहीं आता।

भारत संघर्ष के अन्य क्षेत्रों से कुछ हद तक दूर है फिर भी भारत को सजग रहने की जरूरत है। मोदी जैसे दूसरे नेता आज कमः आज मोदी के अलावा बहुत कम वैश्विक राजनेता इतने प्रभावशाली और विश्वसनीय हैं कि वे एक ही सुबह इजरायल और फिलिस्तीन, यूक्रेन और रूस, अमेरिका और फ्रांस के प्रमुखों के साथ बात कर सकें।

लालू यादव से टिकट मांगने पहुंचीं बीमा भारती, पति और बेटे को गिरफ्तार करने घर पहुंच गई पुलिस

पटनाः पूर्णिया के रूपौली विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में राजद की तरफ से कौन उम्मीदवार होगा यह अभी तय नहीं है। इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए राजद की वरिष्ठ नेता बीमा भारती ने अपनी दावेदारी पेश की है। मंगलवार को बीमा भारती ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात कर रूपौली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट की मांग की। ***लोकसभा और विधानसभा चुनाव में काफी अंतर*** *पत्रकारों से बातचीत में बीमा भारती ने दावा किया कि आज शाम तक सिंबल मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अंतर होता है। लोकसभा चुनाव के पहले दूसरे दल से आरजेडी में आई थीं, इसलिए समय नहीं मिला पाया। राजनीति में हार-जीत लगी रहती है। राजनीति करना थोड़े ही न छोड़ेंगे। परिवार में या तो हम चुनाव लड़ेगे या फिर हमारे पति अवधेश मंडल चुनाव लड़ेंगे। कही कोई दिक्कत नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजद ने बीमा भारती को पूर्णिया लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था लेकिन वो उस चुनाव में बुरी तरह हार गई थी। पति और बेटे की गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी पुलिस दूसरी तरफ बीमा भारती के लालू यादव से मुलाकात के बाद जैसे ही वह अपने पटना स्थित आवास पहुंची पूर्णिया पुलिस ने वहां छापेमारी की। पूर्णिया पुलिस बीमा भारती के पति अवधेश मंडल और उनके बेटे को गिरफ्तार करने पहुंची थी, लेकिन पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। दरअसल पूर्णिया पुलिस अवधेश मंडल और उनके बेटे को एक हत्या के मामले में सुपारी देने और आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार करने पहुंची थी।*

दूसरी परमाणु पनडुब्बी को चालू कर न्यूक्लियर ट्रायड मजबूत कर लेगा भारत, सिपरी की रिपोर्ट में चीन पर खुलासे से चिंता

दुनिया में अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन, भारत और पाकिस्तान समेत नौ परमाणु संपन्न देशों ने अपने हथियारों का आधुनिकीकरण जारी रखा है। कई देशों ने 2023 में नयी परमाणु सक्षम हथियार सिस्टम तैनात किए हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अपनी रिपोर्ट में ये जानकारी दी है। इससे पहले भारत का न्यूक्लियर ट्रायड मजबूत करने जा रहा है।

नई दिल्ली

भारत अगले कुछ महीनों में अपनी दूसरी SSBN (परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस परमाणु-चालित पनडुब्बियों के लिए नौसेना की भाषा) INS अरिघात को चालू करके न्यूक्लियर ट्रायड के अपने सबसे कमजोर हिस्से को मजबूत करने की तैयारी में है। पहला INS अरिहंत 2018 में चालू हुआ था। इसके बाद नवंबर 2022 में एस-4 का प्रक्षेपण सामरिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण था। आईएनएस अरिहंत और अरिघात के बाद यह भारत की तीसरी स्वदेशी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) रही।

हाल के वर्षों में डिलीवरी वाहनों में प्रगति के कारण भारत की परमाणु तिकड़ी को मजबूती मिली है। भारतीय वैज्ञानिकों की तरफ से अग्नि-V पर काम शुरू करने के एक दशक से भी अधिक समय बाद, मिसाइल परीक्षण की प्रक्रिया से गुजरकर मैच्योर हो गई है। 15 दिसंबर 2022 को, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का नौवां परीक्षण किया था। ***न्यूक्लियर ट्रायड क्या है****? न्यूक्लियर ट्रायड, एक तीन पक्षीय मिलिट्री फोर्स स्ट्रक्चर है। इसमें धरती से प्रक्षेपित परमाणु मिसाइलें, परमाणु मिसाइल से लैस पनडुब्बियां, और परमाणु बम और मिसाइलों से लैस सामरिक विमान शामिल हैं। दुनिया में केवल चार देशों के पास न्यूक्लियर ट्रायड है। इनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, भारत और चीन शामिल हैं। पाकिस्तान एक आंशिक परमाणु ट्रायड है। इजरायल के पास परमाणु ट्रायड होने का संदेह है, लेकिन इसकी स्थिति की पुष्टि नहीं हुई है।* ***सिपरी की चीन पर रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता*** *दूसरी तरफ स्वीडिश थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) की चीन पर रिपोर्ट ने चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट के अनुसार चीन विश्व में किसी भी अन्य देश की तुलना में अपने न्यूक्लियर हथियार के भंडार को तेजी से बढ़ा रहा है। चीन के पास अब भारत की तुलना में तीन गुना अधिक परमाणु हथियार हैं। इसके अलावा उसने कुछ बैलिस्टिक मिसाइलों पर 'हाई ऑपरेशन अलर्ट' भी तैनात किया है। वहीं, पाकिस्तान परमाणु हथियारों की संख्या के मामले में भारत के बराबर ही बना हुआ है। वहीं, रूस और अमेरिका अन्य देशों से काफी आगे हैं।*

नीट में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ, राहुल गांधी ने फिर मोदी सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। **पीएम की चुप्पी** नीट में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। हमने अपने न्यायपत्र में पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बनाकर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। अब विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए देशभर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सरकार पर दबाव डालकर कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस ने नीट को लेकर स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच की मांग की है। कांग्रेस ने उदाहरण देते हुए कहा कि इस वर्ष नीट में 600 अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 80,468 है। जबकि, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में केवल 55,000 सीटें हैं, ऐसे में ये छात्र सरकारी कॉलेजों में कैसे दाखिला पा सकते हैं। कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री को नीट घोटाले में सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच का आदेश देना चाहिए। पीएम मोदी भी इस विषय पर अपना वक्तव्य दें।



'करोड़ों खर्च के बाद भी स्थिति क्यों नहीं सुधरी', झारखंड हाईकोर्ट का सरकार से बड़ा सवाल

उच्च न्यायालय (Jharkhand High Court Question to Government) ने रांची में नदियों और तालाबों में प्रदूषण और अतिक्रमण को लेकर नाराजगी जाहिर की है। अदालत ने झारखंड सरकार से सवाल पूछा है कि आखिर करोड़ों खर्च के बाद भी हाल ऐसा क्यों है? यहां पढ़िए पूरी खबर...

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में नदी, तालाब और जल स्रोतों के प्रदूषण और अतिक्रमण पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि रांची की हरमू नदी और बड़ा तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों की राशि खर्च हुई है तो ये बदहाल क्यों हैं? पानी से दुर्गंध क्यों उठ रही है? कोर्ट ने कहा कि जल स्रोतों की गंदगी की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अगर सरकार ने इस पर त्वरित कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट सख्त आदेश पारित करेगा। इस मामले में बुधवार को भी सुनवाई होगी।

हरमू नदी और बड़ा तालाब पर सरकार से सवाल

इस मामले में झारखंड सिविल सोसायटी और रोहित राय की ओर से हस्तक्षेप याचिकाएं दायर की गई हैं। इसमें कहा गया है कि रांची के बड़ा तालाब में नालियों का पानी लगातार गिर रहा है। बदबू इस कदर उठ रही है कि तालाब के आसपास की घनी आबादी परेशान है। इसी तरह रांची के सर्कुलर रोड के किनारे स्थित न्यू कॉलोनी में सप्लाई वाटर के साथ नाले का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इससे लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे हैं। बता दें कि अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने रांची के प्रसिद्ध बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया है रांची शहर के विभिन्न गंदे नाले -नालियों का पानी बड़ा तालाब में गिराया जाता है। यहां जलकुंभियों का अंबार लगा हुआ है। इनकी सफाई नहीं की जाती है। बड़ा तालाब की जमीन का भी अतिक्रमण किया गया है। रांची के कांके डैम, हटिया डैम एवं रुक्का डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने के मामले में भी कोर्ट ने पूर्व में स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था।

CiTU झारखंड राज्य कमेटी के पदाधिकारियों की एक बैठक रांची सीएमपीडीआई में संपन्न

रांची।

CiTU झारखंड राज्य कमेटी के पदाधिकारियों की एक बैठक रांची सीएमपीडीआई स्थित CITU कार्यालय में झारखंड राज्य कमेटी अध्यक्ष मिथलेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूरे राज्य में हुई 18वीं लोकसभा चुनाव की समीक्षा क्षेत्रवार किया गया और भावी रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में HEC एवं कोयला उद्योग को बचाने,संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में काम करने मजदूरों की मांगे एवं पेंशन,समाजिक,स्वास्थ लाभ की सुरक्षा के लिए,बेरोजगारी और मंहगाई के खिलाफ आंदोलनात्मक फैसले लिए गए। बैठक को महासचिव विश्वजीत देव, कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव,उपाध्यक्ष बी डी प्रसाद, सचिव राजेंद्र प्रसाद राजा, सचिव मानस चटर्जी,सचिव एस के घोष, सचिव मानस चटर्जी,सचिव समीर विश्वास,सचिव हरेंद्र प्रसाद,सहायक सचिव पूनम कुमारी,सचिव धनेश्वर तुरी, सचिव शैलेश कुमार ने सम्बोधित किया।तपन कुमार दे एवं अन्य साथीगण उपस्थित थे।

रोबोट का चमत्कार | **जिस मरीज का ऑपरेशन हुआ वो सर्जन से करीब 40 किमी. दूर थे**

मरीज था रोहिणी के अस्पताल में और सर्जन ने गुरुग्राम से कर दिया ऑपरेशन

नई दिल्ली

इसे विज्ञान कहें या चमत्कार, दिल्ली के रोहिणी स्थित अस्पताल में भर्ती मरीज का गुरुग्राम से सर्जन ने सफल ऑपरेशन किया। रोहिणी में राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र (RGCIRC) के डॉक्टरों की एक टीम ने पहले स्वदेशी सर्जिकल रोबोट 'मंत्र' का इस्तेमाल किया। पहली बार सफलतापूर्वक टेलीसर्जरी की है। इस सिस्टम को इस्तेमाल करने में फाइबर-ऑप्टिक केबल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसा इसलिए क्योंकि डॉक्टर और रोबोट के बीच एक विश्वसनीय कनेक्शन जरूरी था, जो कि एक दूसरे से करीब 40 किमी दूरी पर स्थित थे। पूरी सर्जरी का प्रॉसेस एक घंटे और 45 मिनट तक चला। इस सर्जरी मरीज के अस्पताल से दूर गुड़गांव से की गई। **सर्जिकल रोबोट 'मंत्र' का कमाल** इसमें सर्जन ने कंसोल के माध्यम से रोबोटिक इंस्ट्रूमेंट को नियंत्रित किया। इस बीच, मरीज आरजीसीआईआरसी में रहा और पूरे ऑपरेशन के दौरान अस्पताल में मौजूद स्थानीय मेडिकल कर्मीयों ने उसकी देखभाल की। डॉक्टरों ने दावा किया कि यह जटिल सर्जरी भारत में पहली बार की गई। दिल्ली के 52 वर्षीय मरीज यूरिनरी ब्लेडर के कैंसर से पीड़ित थे और उनका ऑपरेशन सर्जन डॉ एसके रावल ने किया था। डॉक्टर रावल, कैंसर संस्थान के मेडिकल निदेशक भी हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद मरीज के हेल्थ को लेकर अपडेट भी दिया। डॉ. रावल ने बताया कि मरीज पूरी तरह से ठीक हैं और तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। **गुरुग्राम से सर्जन ने रोहिणी में मरीज का किया ऑपरेशन** डॉ. एसके रावल ने कहा कि भारत में निर्मित इस सर्जिकल रोबोट से छोटे शहरों और दूरदराज के स्थानों पर स्वास्थ्य सेवा की पहुंच में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। इन रोबोटों के साथ, कुशल सर्जन सुदूर जगहों पर भी ऑपरेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये सर्जिकल रोबोट 'सी श्रेणी के शहरों, युद्ध या अंतरिक्ष' में रोगियों को सफलतापूर्वक हाई क्वालिटी वाली देखभाल प्रदान कर सकते हैं। यह तकनीक विशेषज्ञों की फिजिकल मौजूदगी की जरूरत को खत्म करती है। इंडिया में बने इन रोबोटों के साथ, कुशल सर्जन कहीं दूर से भी ऑपरेशन कर सकते हैं। **कैसे सर्जिकल रोबोट से आ सकती है मेडिकल क्रांति** अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की ओर से निर्मित सर्जिकल रोबोट बहुत महंगे हैं, जिसकी वजह से उन्हें छोटे भारतीय शहरों या कस्बों में तैनात करना अव्यवहारिक है। हालांकि, कार्डियक सर्जन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव की ओर से तैयार स्वदेशी सर्जिकल रोबोट का विकास इस अंतर को पाटने में एक प्रभावी तरीका मुहैया करता है। इन रोबोटों के जरिए अंडरसर्व्ड एरिया में विशेषज्ञ सर्जन अपनी पहुंच का विस्तार कर सकते हैं। वो व्यापक आबादी को उन्नत सर्जिकल प्रक्रियाएं प्रदान कर सकते

हैं। **रोबोट से सफल सर्जरी तो जगी उम्मीदें** मौजूदा मामले में, सर्जन ने सटीक तरीके से और विशेषज्ञता के साथ, रोबोट के जरिए सफल सर्जरी को अंजाम दिया। मरीज को केवल 4-5 सेमी के बहुत छोटे चीरे की आवश्यकता थी, जबकि ओपन सर्जरी में चीरा की लंबाई 15-20 सेमी लंबी होगी। रावल ने कहा कि सर्जरी के लिए इस इनोवेटिव दृष्टिकोण ने हेल्थकेयर डिलीवरी में क्रांति लाने के लिए टेलीमेडिसिन की क्षमता को प्रदर्शित किया। इसने विशेषज्ञ मेडिकल प्रोफेशनल्स को भौगोलिक दूरी की परवाह किए बिना मरीजों को जरूरी देखभाल प्रदान करने में सक्षम बनाया।

लोकसभा में BJP का ही होगा स्पीकर! सहयोगियों को समझाने की चुनौती

पटनाः नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने के बाद संसद का सत्र 24 जून से शुरू होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस सत्र में पहले प्रोटेम स्पीकर का चयन होगा। फिर प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित 18वीं लोकसभा के सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण पूरा होने के बाद लोकसभा के स्थायी स्पीकर का चुनाव होगा। पहले दो बार स्पीकर का पद भाजपा के कोटे में रहा है। इस बार भाजपा को बहुमत नहीं मिला है। इसलिए नए स्पीकर को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। **सुमित्रा महाजन और ओम बिड़ला रहे स्पीकर** नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में सुमित्रा महाजन लोकसभा की स्पीकर थीं। उनका कार्यकाल 6 जून 2014 से 17 जून 2019 तक रहा। दूसरे कार्यकाल में ओम बिड़ला को भाजपा ने स्पीकर बनाया। उनका चयन 17वीं लोकसभा के लिए 19 जून 2019 को हुआ था। दोनों बार भाजपा को अपने ही किसी सदस्य को स्पीकर बनाने में किसी से सलाह-मशविरे या मदद मांगने की जरूरत महसूस नहीं हुई। इसलिए कि दोनों बार भाजपा के पास बहुमत के आंकड़े से अधिक सांसद थे।

- **पूर्व स्पीकर ओम बिड़ला के आवास पर अमित शाह ने उनसे चर्चा की तो राजनाथ सिंह ने भी इस बाबत पार्टी नेताओं के साथ बैठक की।**
- **लोकसभा स्पीकर के चयन के लिए दो दिनों से भाजपा मंथन कर रही है।**

मोदी के दो कार्यकाल में भाजपा के स्पीकर रहे पीएम मोदी के दो कार्यकाल में स्पीकर भाजपा का ही रहा। पहली बार 2014 में भाजपा के सांसदों की संख्या 282 थी तो दूसरी बार सदन में 303 सदस्य भाजपा के थे।

विधायक सरयू राय की पार्टी भाजमो झारखंड में बनायेगी तीसरा मोर्चा

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजमो को थर्ड फ्रंट (तीसरे मोर्चा) के रूप में खड़ा किया जायेगा। 19 जून 2024 को रांची में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजमो की प्रदेश स्तरीय बैठक होगी। राज्य के अंतर्गत आनेवाली विभिन्न विधानसभा की सीटों पर चुनाव लड़ने पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

सरयू राय सोमवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) जमशेदपुर महानगर की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में आयोजित बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी विधानसभा के प्रत्येक मंडलों में बूथ प्रभारियों एवं भवन प्रभारियों से चर्चा की गयी। सभी भवन प्रभारियों को अपने भवन के अंतर्गत आने वाले बूथों की संरचना को मजबूत करने, प्रत्येक बूथ भ्रमण कर स्थानीय कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया। एक बूथ में 10 और 10 से अधिक सक्रिय और सजग कार्यकर्ताओं की टोली बनाने का निर्देश दिया गया। श्री राय ने कहा कि चुनाव के लिए सबसे प्रमुख भवन है। पूर्वी विधानसभा अंतर्गत 120 भवन हैं। सभी पदाधिकारी मंडलवार भवनों पर ध्यान दें। कई भवनों में एक ही बूथ हैं, कहीं दो से तीन एवं चार बूथ है। जिला पदाधिकारी भवन पर ध्यान दें और भवन प्रभारी अपने बूथ को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करें। संगठन के सभी जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों को बूथों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं से संवाद करने का निर्देश दिया गया। जुलाई और अगस्त तक 1,000 लोगों का एक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।

बैठक में कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता, मंजू सिंह, अमित शर्मा, प्रकाश कोया, राजेश प्रसाद, वंदना नामता, आकाश शाह, सुधीर सिंह, काशीनाथ प्रधान, काकोली मुखर्जी, विजय नारायण सिंह, बिनोद राय, बिनोद यादव, जयप्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

जीवन को सार्थक और प्रभावी बनाती है अध्यात्मिकता

रांची में विश्व आध्यात्मिक महोत्सव में हुआ संतों-बुद्धिजीवियों का जुटान। आंतरिक शांति को बताया विश्व शांति का आधार।

रांची

मेकॉन कम्युनिटी हॉल श्यामली डोरंडा में विश्व आध्यात्मिक महोत्सव 'आध्यात्मिकता से विश्व शांति की ओर' का आयोजन हुआ। हार्टफुलनेस (सहज मार्ग), मेकॉन लिमिटेड एवं रोटरी क्लब रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में विश्व शांति की परिकल्पना को साकार करने के लिए आंतरिक शांति प्राप्त करने पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक और रामकृष्ण मिशन के स्वामी शशांकानंद, विशिष्ट अतिथि आईआईएम रांची के निदेशक प्रो डॉ दीपक श्रीवास्तव ने महोत्सव का उद्घाटन किया।

महोत्सव में विभिन्न धर्मों के संतों, महात्माओं व बुद्धिजीवियों ने शिक्षा और आध्यात्मिकता को एक साथ जोड़ने पर बल दिया। कहा कि 'बड़ा' शब्द बड़प्पन से आता है न कि धन और बुद्धि से। अपने व्यवहार से किसी को पीड़ा न पहुंचाएं। अमीर-गरीब, बुद्धिमान-मूर्ख सभी का आत्मसम्मान एक है। जहां भौतिक विज्ञान समाप्त होता है, वहाँ से आध्यात्मिकता की शुरुआत होती है। धन को प्राथमिकता देने से बचें। बिना भेद-भाव के सबके अंदर ईश्वर को देखें। ईश्वर प्राप्ति ही मानव जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। ईश्वर हमारे हृदय में होते हैं और हम उन्हें कहीं और ढूंढते रहते हैं।

वक्ताओं ने कहा कि समस्याएं हमेशा रहेगी और इसका स्वरूप भी बदलता रहेगा। हमें स्वयं को बदलने का प्रयत्न करना चाहिए। हम शक्ति, खुशी और अधिकार की प्रतिस्पर्धा के कारण अवसाद से घिरते जाते हैं। इसलिए जीवन को अनुशासित बनाएं। ध्यान से आत्मिक गुणों को निखारें। भूत और भविष्य में न रहकर वर्तमान में जीना सीखें। अपने कार्यों को सेवा समझें। ग्रॉस हैप्पीनेस इंडेक्स को बढ़ाने के लिए योग, अध्यात्म, पुस्तकालय, प्रकृति से जुड़ने का प्रयत्न करें।

किसी भी कार्य को समन्वय और समर्पण के साथ पूरा करें।

संतों ने वर्तमान की अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता, अस्पष्टता के समय में दैनिक जीवन को सार्थक और प्रभावी ढंग से जीने के लिए आंतरिक शांति एवं आध्यात्मिकता का उपयोग करने का परामर्श दिया। महोत्सव का समापन शांति सद्भाव और कृतज्ञता को समर्पित गीत, संगीत और नृत्य के साथ हुआ।

पैनल डिस्कशन में शामिल हुए संत और बुद्धिजीवी

महोत्सव के विभिन्न सत्र के पैनल डिस्कशन में विभिन्न धर्मों के संत, महात्मा एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए। इनमें योगदा सत्संग के स्वामी निश्चलानंद, पतंजलि महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुधा झा, चिन्मय मिशन के वेद प्रकाश बागला, ब्रह्मकुमारी संस्था की इंदु जी, इस्कोन रांची के राकेश कुमार, इस्लाम धर्म की जानकर डॉ शादमा शाहिन, प्रो डॉ शाहिद हसन, सिख धर्म के जानकार मेजर जीएस सलूजा, ईसाई धर्म के आर्क विशप फादर विंसेंट आइंद, आर्ट ऑफ लिविंग के राकेश ब्रह्मर, जैन दर्शन के अंकित जैन, सहज मार्ग के वी श्रीनिवासन, हार्टफुलनेस के मनोज तिवारी, सुनंदा चौहान ने ज्ञान, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।

7 जुलाई से 17 जुलाई 2024 को होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर बैठक

रांची।

प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 18 जून 2024 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में 7 जुलाई से 17 जुलाई 2024 को होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रभारी अध्यक्ष, रनेंद्र कुमार, सचिव, मिथलेश कुमार, उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार, प्रथम सेवक, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, सदस्य, श्री सुहाश तेतरे उपाधीक्षक हटिया, प्रमोद कुमार मिश्रा, आवासीय दंडाधिकारी हटिया, श्रीमती स्मृति कुमारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रतिनिधियों के साथ बेहतर मेला आयोजन को लेकर प्रस्ताव पर उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा निम्न निर्देशः-

(1) मेला से सम्बंधित निविदा की सूचना को लेकर उपायुक्त रांची द्वारा निर्देश दिए गए।

(2) मेला के दौरान सुरक्षा हेतु सीसीटीवी लगाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

(3) मंदिर के आस-पास लाइट की व्यवस्था को लेकर उपायुक्त रांची द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।

(4) रथ एवं मंदिर में दो-दो पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए।

जगन्नाथपुर मेला के बेहतर आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तैयार

प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कहा गया कि 7 जुलाई से 17 जुलाई 2024 को होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के साथ हमेशा खड़ा है। मेला का आयोजन भव्य तरीके से संपन्न हो इसको लेकर तमाम व्यवस्था की जाएगी।

खूंटी से राजस्थान ले जाया जा रहा एक करोड़ का डोडा जब्त

रांची। शहर की नामकुम थाना पुलिस ने मंगलवार को भारी मात्रा में डोडा बरामद किया है। यह डोडा ट्रक में लोडकर खूंटी से राजस्थान ले जाया जा रहा था। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने नामकुम से डोडा लोड ट्रक को पकड़ा है। बरामद डोडा लगभग एक करोड़ की बताया जा रहा है।

एसएसपी को सूचना मिली थी कि खूंटी से रांची के रास्ते डोडा की एक बड़ी खेफ निकलने वाली है। इसके बाद खूंटी से सटे सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया लेकिन पूरी रात एक भी डोडा का ट्रक कहीं से नहीं गुजरा। जैसे ही सुबह के चार बजे नामकुम से सटे रिंग रोड पर एक ट्रक दिखाई दिया लेकिन ट्रक पर सवार तस्करों ने पुलिस का वाहन देख लिया। इसके बाद तस्कर ट्रक को छोड़ जंगल की तरफ फरार हो गए।

पुलिस ने तस्करों का पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठा वे फरार हो गए। नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि ट्रक से डोडा बरामद हुआ है।

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर 24 जून को दिल्ली में होगी बैठक

रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक 24 जून को दिल्ली में आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड में 4 माह के बाद विधानसभा का चुनाव है और राहुल गांधी का झारखंड से विशेष लगाव रहा है,झारखंड में होने वाले चुनाव पर उनकी गंभीर नजर है। लोकसभा चुनाव में झारखंड में मिली सफलता से उनमें एक विश्वास है कि झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार भारी बहुमत से बनेगी।

श्री शांति ने कहा कि 24 जून को होने वाली बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में संपन्न होगी जिसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मिर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य वरीय नेतागण उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि बैठक में विधानसभा चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक सीट के बारे में चर्चा होगी कि किस प्रकार और किन जनहित के मुद्दों पर आगामी चुनाव में जनता के बीच जाया जाए,वर्तमान महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां को जनता के बीच कैसे पहुंचाया जाए ताकि विपक्ष द्वारा किसी भी तरह जनता को बरगलाया ना जा सके। 2019 के चुनावी परिदृश्य और वर्तमान हालात पर चर्चा कर आगामी चुनाव के लिए रणनीति तैयार की जाएगी, घोषणा पत्र, सहित सारे समीकरणों, गठबंधन दलों के साथ संवाद और समन्वय की रणनीति पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि झारखंड में सरकार बनाने के लिए विपक्ष आतुर और परेशान है लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के नेता हताश हैं और झारखंड के चुनाव को प्रभावित करने के लिए केंद्र के मंत्री और मुख्यमंत्री को चुनावी कमान सौंपी गई है। बैठक के दौरान कांग्रेस द्वारा पिछले विधानसभा चुनाव मे जिन-जिन सीटों पर उम्मीदवार उतारे गए थे उनके हार जीत पर भी चर्चा होगी और उसमें बेहतर सुधार की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा।

चार दिवसीय दौरे के बाद नई दिल्ली रवाना हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

रांची

अपने रांची लोकसभा क्षेत्र के चार दिवसीय दौरे के बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ आज नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास पर आए कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात की। उनकी शुभकामनाएं स्वीकार की और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय दौरे पर क्षेत्र के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने जो स्नेह और प्यार दिया, यही उनकी पूंजी भी है और उनकी शक्ति भी। क्षेत्र के आशीर्वाद से ही रक्षा राज्य मंत्री के रूप में मिली नई जिम्मेदारी का निर्वहन सफलतापूर्वक करेंगे। श्री सेठ ने कहा कि लोकसभा के विशेष सत्र में भाग लेकर 3 जुलाई के बाद में पुनः अपने क्षेत्र में अपने लोगों के बीच आएंगे। क्षेत्र के लोगों से उनका जुड़ाव पारिवारिक है और एक पारिवारिक सदस्य की तरह में सदैव अपने क्षेत्र के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। पूर्व की भांति क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास के लिए वे लगातार सक्रिय रहेंगे।

मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु जागरूकता अभियान आयोजित करने को लेकर अहम बैठक

इस अभियान का उद्देश्य उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वैसे इलाके के बच्चे जो इस मादक पदार्थों के कुचक्र में पड़ गए है, वहां पर चौपाल, साईकिल रैली, मानव श्रृंखला आदि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जाएगा।

***रांची**। उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आज दिनांक-18 जून 2024 को विकास भवन रांची के सभागार में मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु जागरूकता अभियान आयोजित करने को लेकर सभी हितधारकों, विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई।*

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, श्रीमती सुरभि सिंह, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडे, जिला खेल पदाधिकारी रांची, शिवेंद्र सिंह, उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र रांची, सर्वेंद्र प्रताप सिंह, जिला खेल समन्यवक रांची,जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, विनय कुमार, ए. डी.पी.ओ. रांची, कौशल किशोर, पी.ओ. डी.आर.डी.ए रांची, डॉ. ऋतू राज, CINI गैर सरकारी संस्था रांची एवं साउथ विहार वेलफेयर सोसायटी फॉर ट्राइबल गैर सरकारी संस्था, लाइफ सेवर, गैर सरकारी संस्था रांची के प्रतिनिधि उपस्थित एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सभी इस महाअभियान का हिस्सा बने

उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव ने बैठक में सभी सम्बंधित पदाधिकारी एवं सम्बंधित गैर सरकारी संस्था के सदस्यों से विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु जागरूकता लाने में सभी की सहभागिता अति आवश्यक है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चला कर लोगों विशेष कर युवाओं को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराना होगा, ताकि एक स्वास्थ्य समाज का निर्माण हो सके।

मानव श्रृंखला /साईकिल रैली/चौपाल/ नुक्कड़ नाटक/ मैराथन के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूक किया जाएगा

उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव ने बैठक में सभी सम्बंधित पदाधिकारी एवं सम्बंधित गैर सरकारी संस्था के सदस्यों से कहा कि विद्यालयों में 11 वी एवं 12 वी के बच्चों को इस कार्यक्रम से जोड़ कर दिनांक- 19 जून से 26 जून 2024 तक सम्पूर्ण रांची जिला अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें 19 जून 2024 को जगन्नाथपुर, पहाड़ी मंदिर, मधुकुम, लोहरा कोच्चा, मेन रोड के अंदर बस्तियों में जा कर साईकिल रैली/ पम्पलेट/ प्रचार के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाए। ड्रग से हो रहे नुकसान और क़ानून में दंड के प्रावधान से अवगत कराए, ताकि युवाओं में नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता आए। साथ ही उप विकास आयुक्त रांची द्वारा कहा गया कि सभी प्रखंडो, पंचायतों एवं आँगनबाड़ी केंद्र स्तर पर भी नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

जागरूकता अभियान

(1) दिनांक-19 जून 2024- मादक पदार्थ के दुरुपयोग पर चर्चा-चौपाल आयोजित करना। इसके अंतर्गत युवा समूह, स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल के साथ में नशीले पदार्थ तथा मादक द्रव्य के सेवन/दुरूपयोग तथा इनके लत से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक करना एवं समाज को नशा मुक्त करने पर चर्चा का आयोजन किया जाएगा।

(2) 20 जून से 21 जून 2024 नशीले पदार्थों की मांग न्यूनीकरण में जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सभी पदाधिकारी/कर्मियों/ स्वयंसेवी संस्थाओं तथा समाज तथा समाज एवं सभी समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ बैठक का आयोजन

(3) 22 जून से 24 जून 2024 तक- झुग्गी, झोपड़ी, रेड लाइट एरिया, हाट बाजार, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा एवं पार्कों में नुक्कड़ नाटक, पैम्फ्लेट वितरण इत्यादि द्वारा नशीले पदार्थों के कुप्रभाव के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

(4) 26 जून 2024- 'रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड' थीम के तहत जिला स्तर पर मैराथन दौड़ का आयोजन।

जानकारी हो कि रांची जिला में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर प्रखंड स्तर, ग्राम स्तर चौपाल, पंचायत स्तर पर कार्यक्रम चलाया जाएगा।

एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत का आज स्वागत करेगा चैंबर

रांचीः झारखंड चैम्बर के अनुरोध पर बुधवार 19 जून को शाम 4 बजे झारखण्ड चैम्बर के तत्वाधान में एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत जी का स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के वरीय पदाधिकारी, चैम्बर के पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित रहेंगे। चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि यह एक गर्व की बात है कि कंट्री हेड स्मिता भगत जी, जो कि एचडीएफसी बैंक की विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं को सरकारी निकायों और शैक्षिक से लेकर स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक तक के बड़े संगठनों तक ले जाने के लिए जिम्मेदार हैं इसमें पंचायतों, नगर पालिकाओं, राज्य और केंद्र सरकार और स्वायत्त निकायों में डिजिटल भुगतान जैसे समाधान लागू करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, अनुकूलित सेवाएँ बनाना शामिल हैं | मजबूत नेटवर्क बनाने की स्मिता जी की रूचि उन्हें व्यवसाय के विकास में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाती है | चैम्बर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि सुश्री भगत 25 वर्षों से अधिक उद्योग अनुभव के साथ एचडीएफसी बैंक के प्रमुख अधिकारी रही हैं, जिन्होंने विभिन्न टीमों और कार्यों का नेतृत्व किया है।

पहाड़ी मंदिर रांची, लुगुबुरु तथा मरांगबुरु का संपूर्ण विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ करेंः चंपाई सोरेन

सीएम ने पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की

रांचीः

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सौन्दर्यता बेमिशाल है। हमसभी झारखंड वासियों का यह सौभाग्य है कि यहां विभिन्न समुदायों के कई अहम धार्मिक स्थल तथा अलग-अलग कला-संस्कृति का एक अनोखा मिश्रण पाया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाए। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहाड़ी मंदिर परिसर रांची का सम्पूर्ण विकास जरूरी है। पहाड़ी मंदिर आस्था और विश्वास का एक बड़ा धर्मस्थल है। राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी मंदिर में रोप-वे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, इसके लिए फीजिबिलिटी वेरीफिकेशन भी हुई थी, पदाधिकारी फीजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द मंगाकर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए जो भी रोड में तैयार किया गया है, उस पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए हमें क्या कार्य करने की जरूरत है इस पर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि राज्य में धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इन बहुआयामी पर्यटन संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इनका विकास होना बहुत ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि झारखंड भ्रमण पर जो भी पर्यटक आते हैं वे यहां से एक बेहतर अनुभव लेकर अपने घर वापस जाएं, ताकि पर्यटन के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड की अलग पहचान बन सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि रामगढ़ जिला स्थित रजरप्पा एक बेहतरीन धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित की जा सके इस निमित्त जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करें तथा रजरप्पा में क्या नया किया जा सकता है उस पर भी पदाधिकारी कार्य योजना बनाएं।

हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा वहां के गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा चिन्हित वैसे सभी पर्यटन स्थल जिसे विकसित किया जाना है, उन स्थलों की कार्य प्रगति में शिथिलता न बरतें बल्कि तेज गति से कार्य करते हुए सभी काम ससमय सम्पन्न करें। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारी से कहा कि राज्य के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विकसित करने में अगर जरूरत पड़े तो दूसरे राज्यों के टूरिज्म प्लेस का स्टडी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि झारखंड के सभी चिन्हित पर्यटन स्थल विकसित हो तभी राज्य का सांस्कृतिक गौरव बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

राज्य के सरना धर्म स्थलों को भी प्रतिबद्धता के साथ व

बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के सरना धर्म स्थलों के विकास पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को सेरेंगदाघाटी (कोल्हान) को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आदिवासी धर्मावलंबियों को सरना स्थल का परिभ्रमण कराना भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भोगनाडीह स्थित सिदो कान्हू प्रतिमा स्थल तथा उलिहातू शहीद स्थल को प्राथमिकता के साथ डेवलप करें। यह सभी स्थल झारखंड का महत्वपूर्ण विरासत है। इन स्थलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाएं। मौके पर पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य में अभी तक 27 हजार 248 सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया जा चुका है, जिसमें लगभग 11 हाजर से अधिक क्लबों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, अब कोऑपरेटिव के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कार्य किया जाएगा जिससे कार्य में तेजी लाई जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा निबंधन कार्य को सरल बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची स्थित खेलगांव का मेंटेनेंस हर हाल में सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से खेलगांव का निर्माण किया गया था, उस उद्देश्य को पूरा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव में आयोजित होती रहे, यह सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आदित्यपुर-1, फुटबॉल मैदान, रामचंद्रपुर फुटबॉल मैदान तथा आदित्यपुर-2, प्रगति मैदान के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों द्वारा राज्य में खेल-कूद की कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। खेल विभाग द्वारा बनाई गई कई महत्वपूर्ण पॉलिसी, आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केंद्र, डे-बोर्डिंग क्रीडा प्रशिक्षण केंद्र, सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस का संचालन, विभिन्न खेल विधाओं के लिए हाई परफॉर्मिंग सेंटर का अधिष्ठापन तथा चालू वित्तीय वर्ष में ली जाने वाली महत्वपूर्ण खेल योजनाओं सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पदाधिकारियों को कई अहम दिशा- निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, खेल निदेशक सुशांत गौरव, पर्यटन निदेशक अंजलि यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

डॉक्टरों ने फिर एक कैंसर पेसेंट को दिया नया जीवन

रांची।

सदर अस्पताल, रांची के डॉक्टरों ने फिर एक कैंसर पेसेंट को बड़ी राहत दी है। कैंसर सर्जन डॉक्टर प्रकाश भगत ने एक कैंसर पेसेंट की सर्जरी कर उसे बड़ी सहायता दी है। सिल्ली की रहने वाली 47 वर्षीय एक महिला पेशाब के रास्ते से खून आने की शिकायत लेकर महिला विभाग के ओपीडी में आयी थी। वहां पर सीटी स्कैन एवं बायोप्सी करने से एंडोमेट्रियल कैंसर होने का पता चला। इसके बाद 14 जून को उसका ऑपरेशन सदर अस्पताल में किया गया । इस दौरान गर्भाशय, अंडकोष निकाल दिया गया। ऑपरेशन के चार दिनों बाद मरीज तेजी से स्वास्थ्य लाभ ले रही है। उसने मुंह से खाना-पीना लेनस शुरू कर दिया है। संभव है कि एक-दो दिनों में उसे छुट्टी भी दे दी जाये।

ऑपरेशन करने वाली टीम में कैंसर सर्जन डॉक्टर प्रकाश भगत के अलावा लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉ जयवंत मुर्मू, ओटी असिस्टेंट सरिता, शशि आदि भी शामिल थे। पूरे इलाज में सिविल सर्जन का भी भरपूर सहयोग एवं प्रोत्साहन मेडिकल टीम को मिला।

अनियमित बिजली कटौती से परेशान लोगःसड़क जाम कर बैठे धरने पर सीओ के ठोस आश्वासन के बाद खत्म हुआ विरोध

गिरिडीह । गिरिडीह में अनियमित बिजली कटौती से लोग काफी परेशान हैं। मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और लोग सड़क जाम कर धरना पर बैठ गए। यह पूरा मामला गावां प्रखंड के गदर पावर ग्रिड के पास का है। दरअसल यहां पिछले कई दिनों से इस भीषण गर्मी में बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान हैं। बच्चों की पढ़ाई, पेयजल की समस्या सिंचाई की समस्या सहित पंखा कूलर टीवी सभी तकनीकी उपकरण शोभा की वस्तु बनके रह गई है। बिजली विभाग की लापरवाही और इस रवैया को देखकर ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते हुए माल्डा पिहरा पथ गदर के पास सड़क जाम कर दिया। लगभग 2 से 3 घंटे तक जाम रहने के बाद अंचलाधिकारी अविनाश रंजन पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को 10 दिनों के अंदर इस समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित तथ्य विवरणी समय समर्पित करें अधिकारी उपायुक्त

बोकारो।

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने मंगलवार को माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा श्रीमती वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने क्रमवार माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभागों/पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली। प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा ने बताया कि विभिन्न विभागों से संबंधित जिले में लंबित वादों की संख्या 162 है। उन्होंने विभागवार सभी मामलों के अद्यतन स्थिति पर समीक्षा की। संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा विधि शाखा को ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया। कहा कि *वादों से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने में किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ऐसे मामलों में पदाधिकारी तेजी लाएं।

उपायुक्त ने माननीय उच्च न्यायालय झारखंड रांची में लंबित अवमानना वादों पर भी समीक्षा की। उन्होंने विभागवार लंबित मामलों और उसकी अद्यतन जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त की। वादों से संबंधित तथ्य विवरणी को अविलंब विधि शाखा को समर्पित करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में लंबित अवमानना वादों के सर्वाधिक मामले जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो से संबंधित थे। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक को मामलों से संबंधित तथ्य-विवरणी जल्द उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, उप विकास आयुक्त से 01, अनुमंडल पदाधिकारी चास से 02, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो से 03, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग से 01, जिला कृषि पदाधिकारी से 01, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंदनकियारी से 01 एवं विशेष कार्य पदाधिकारी से संबंधित 01 मामला अवमानना वाद से संबंधित था।

उधर, माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभागों/पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों में पुलिस अधीक्षक से 05, वन प्रमंडल पदाधिकारी से 07, उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद से 01, क्षेत्रीय निदेशक जियाडा से 06, अनुमंडल पदाधिकारी चास से 08, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेरमो (तेनुघाट) से 01, निदेशक परियोजना भूमि एवं पुर्नवास बोकारो से 05, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम से 03, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो से 08, विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो से 01, स्थापना उप समाहर्त्ता बोकारो से 01, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी बोकारो से 01, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बोकारो से 03, जिला अवर निबंधक चास बोकारो से 01, जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो (नीति निर्धारण से संबंधित मामले) से 01, जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो से 06, जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो (नीति निर्धारण से संबंधित मामले) से 03, जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो से 10, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चास से 01, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पेटरवार से 01, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेरमो 01, अंचल अधिकारी चास से 22, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी धनबाद कैम्प कार्यालय बोकारो से 01, अंचल अधिकारी चन्दनकियारी से 04, अंचल अधिकारी जरीडीह से 04, अंचल अधिकारी चन्द्रपुरा से 05, अंचल अधिकारी कसमार से 02, अंचल अधिकारी बेरमो से 02, अंचल अधिकारी पेटरवार से 19, अंचल अधिकारी गोमिया से 06, अंचल अधिकारी नावाडीह से 01, कार्यपालक अभियन्ता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल बोकारो से 03, जिला खनन पदाधिकारी बोकारो से 11, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चन्दनकियारी से 01, कार्यपालक अभियन्ता विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल चास से 01 एवं जिला समादेष्टा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी बोकारो से 04 लंबित वाद शामिल हैं।

इसके अलावा उपायुक्त ने निलाम पत्र वाद से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित मुख्यालय डीएसपी को लंबित वारंटों के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। जिला निलाम पत्र पदाधिकारी कुमार कनिष्क को नियमित निलाम वाद मामलों की सुनवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने कई अन्य जरूरी दिशा – निर्देश दिया। मौके पर संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए बरटांड बस स्टैंड में खोला सहायता केन्द्र

धनबाद।

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रचार प्रसार के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी द्वारा आज बरटांड बस स्टैंड में सहायता केंद्र खोला गया। जबकि 19 जून को रांगाटांड के पास सहायता केंद्र खोला जाएगा। साथ ही योजना के प्रचार हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत रूट का निर्धारण कर लिया है। जिसमें बीआईटी सिंदरी से पंचेत वाया बलियापुर, गोविंदपुर, निरसा, मुगमा मोड़, चिरकुंडा, धनबाद से सिमुलदोने वाया बाईपास गोल बिल्डिंग, गोविंदपुर, निरसा, मुगमा मोड़, चिरकुंडा, कोल्हर मोड़ से चिरकुंडा वाया मनियाडीह थाना, तिलैया रंगाटांड, राजगंज, बड़वड्डा, धनबाद स्टेशन, बाटा मोड़ झरिया, बलियापुर, कलियासोल, पतलाबाड़ी मोड़, झरिया 4 नंबर से चंद्रपुरा (बोकारो) वाया धनबाद, मेमको मोड़, काको मठ मोड़, राहुल चौक, बाघमारा, टी मोड़ तथा सर्रा से धनबाद वाया मछियारा, मनियाडीह, तिलैया रंगाटाड रूट पर बस का परिचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों से अनुमंडल व जिला मुख्यालय तक आवागमन को सुलभ और सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने इस योजना को शुरू किया है। इसमें वरिष्ठ नागरिक, छात्र-छात्रा, विधवा, पेंशन पा रही महिला, मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी, दिव्यांग बस से निशुल्क यात्रा कर पाएंगे

मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार तथा परिवहन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसका ध्यान रखें- उपायुक्तन

ब्लास्टिंग के सभी सुरक्षा मानकों, नियमों एवं शर्तो का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करे बीसीसीएल- उपायुक्त

बीसीसीएल की कुजामा कोलियरी की आउटसोर्सिंग में रविवार को ब्लास्टिंग के बाद पत्थर गिरने से मोहरीबांध के लोगो को क्षति पहुँचने की शिकायत के मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बीसीसीएल के पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी एवं डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक की।

बैठक में उपायुक्त ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसका ध्यान रखें। साथ ही ब्लास्टिंग के जो भी नियम एवं शर्तें डीजीएमएस द्वारा तय की गई है उसका अनुपालन अवश्य सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि लगातार ब्लास्टिंग के कारण घरों में दरार पड़ने एवं लोगों के घायल होने की शिकायतें प्राप्त होते रहती हैं। इस तरह की घटनाओं से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसी घटना दोबारा ना हो इसके लिए यह सुनिश्चित करें कि समय-समय पर ब्लास्टिंग कार्यों का बीसीसीएल के वरीय पदाधिकारी भी निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि ब्लास्टिंग के जो भी तय सुरक्षा मानक है उनका प्रयोग सुनिश्चित करना बीसीसीएल की जिम्मेदारी है। ब्लास्टिंग की लगातार मॉनिटरिंग करें साथ ही वाइब्रेशन लेवल की भी जांच कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की क्षति आम लोगों को न पहुंचे। बैठक में बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह, निदेशक कार्मिक श्री एमके रमैया, जीएम सुरक्षा अरुण कुमार, खनन पदाधिकारी श्री मिहिर सलकर, डीएसपी लॉ एंड आर्डर दीपक कुमार मौजूद रहें।

भू-मापी (सीमांकन) के लंबित मामलों को लेकर सभी अंचलाधिकारियों को शोकॉउज

उपायुक्त विजया जाधव ने दिया निर्देश, 30 दिन एवं उससे ज्यादा दिनों से सभी अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) के लंबित है कुल 170 आवेदन। अंचलाधिकारियों द्वारा झारखंड राज्य सेवा देने की गारांटी अधिनियम 2011 का नहीं हो रहा अनुपालन, उपायुक्त ने जताई नाराजगी।

बोकारो।

जिले के विभिन्न अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित मामलों के निष्पादन में अंचलाधिकारियों (सीओ) की सुस्ती/लापरवाही पर उपायुक्त विजया जाधव ने नारजगी व्यक्त की है। उन्होंने जिले के सभी 09 अंचलों के अंचलाधिकारियों को शोकॉउज (स्पष्टीकरण) किया है। इस बाबत पत्र जारी कर दिया है।

उपायुक्त द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि, समीक्षा क्रम में यह पाया गया है कि सभी अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित आवेदन काफी समय से लंबित है। 30 दिन एवं उससे ज्यादा दिनों से सभी अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) के कुल 170 आवेदन* लंबित है। झारखंड राज्य सेवा देने की गारांटी अधिनियम 2011 के अनुपालन को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया है। बावजूद इसके भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन नहीं करना, कार्य निष्पादन में आपकी सुस्ती/लापरवाही को दर्शाता है।

इसी को लेकर उपायुक्त ने सभी नौ अंचलाधिकारियों को शोकॉउज (स्पष्टीकरण) किया है। शोकॉउज (स्पष्टीकरण) में पूछा गया है कि क्यों नहीं झारखंड सेवा देने की गारांटी अधिनियम 2011 अंतर्गत विलंब के लिए दोषी मानते हुए अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए उक्त राशि की कटौती आपके वेतन से की जाएं। उन्होंने सभी को ससमय शोकॉउज (स्पष्टीकरण) का जवाब जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय हो कि, भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित 30 दिन एवं उससे ज्यादा दिनों बेरमो अंचल में 12, चंदनकियारी अंचल में 07, चंद्रपुरा अंचल में 01, चास अंचल में 29, गोमिया अंचल में 66, जरीडीह अंचल में 19, कसमार अंचल में 19, नावाडीह अंचल में 07 एवं पेटरवार अंचल में 10 मामले लंबित हैं।

उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

धनबाद । उपायुक्त धनबाद सह जिला समुचित प्राधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नए रजिस्ट्रेशन हेतु प्राप्त आवेदनों, रिन्यूवल हेतु प्राप्त आवेदनों के अलावा अपग्रडे हेतु प्राप्त आवेदनों समेत गैर पंजीकृत केंद्रों पर रोक लगाने, एनजीओ द्वारा प्रचार-प्रसार, सरकारी संस्थानों में अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित करने पर समीक्षा की गई।

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि समय-समय पर सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। जांच के दौरान यह अवश्य देखे की सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित हो। सभी भवनों का नगर निगम से नक्शा पास हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर उचित करवाई भी करें। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर एसओपी का पालन सुनिश्चित करने पर ही उन्हें रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूवल के लिए आगे बढ़ाए।

उपायुक्त ने कहा कि जिस यूजीसी सेन्टर / अस्पताल रजिस्ट्रेशन एवम रिन्यूअल के लिए अप्लाई करेंगे उनका क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में रेजिस्ट्रेशन एवं फायर सेफ्टी का एनओसी होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सभी सेन्टर पे रेडियोलाजिस्ट/ सोनोलॉजिस्ट अपने अपने सेंटर पर अपना समय और किस दिन सेवा दे रहे उसे लिख कर प्रदर्शित करेंगे। जो भी सेन्टर में इंस्पेक्शन में ये नही पाए जाएंगे उनके उपर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत करवाई की जाएगी।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र ठाकुर, डॉक्टर विकास कुमार राणा, आरके श्रीवास्तव व अन्य चिकित्सा कर्मी एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

सीएम ग्राम गाड़ी योजना के लिए बरटांड बस स्टैंड में खोला सहायता केन्द्र

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रचार प्रसार के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी द्वारा आज बरटांड बस स्टैंड में सहायता केंद्र खोला गया। जबकि 19 जून को रांगाटांड के पास सहायता केंद्र खोला जाएगा। साथ ही योजना के प्रचार हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत रूट का निर्धारण कर लिया है।

जिसमें बीआईटी सिंदरी से पंचेत वाया बलियापुर, गोविंदपुर, निरसा, मुगमा मोड़, चिरकुंडा, धनबाद से सिमुलदोने वाया बाईपास गोल बिल्डिंग, गोविंदपुर, निरसा, मुगमा मोड़, चिरकुंडा, कोल्हर मोड़ से चिरकुंडा वाया मनियाडीह थाना, तिलैया रंगाटांड, राजगंज, बड़वड्डा, धनबाद स्टेशन, बाटा मोड़ झरिया, बलियापुर, कलियासोल, पतलाबाड़ी मोड़, झरिया 4 नंबर से चंद्रपुरा (बोकारो) वाया धनबाद, मेमको मोड़, काको मठ मोड़, राहुल चौक, बाघमारा, टी मोड़ तथा सर्रा से धनबाद वाया मछियारा, मनियाडीह, तिलैया रंगाटाड रूट पर बस का परिचालन किया जाएगा।

उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों से अनुमंडल व जिला मुख्यालय तक आवागमन को सुलभ और सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने इस योजना को शुरू किया है। इसमें वरिष्ठ नागरिक, छात्र-छात्रा, विधवा, पेंशन पा रही महिला, मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी, दिव्यांग बस से निशुल्क यात्रा कर पाएंगे

मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार तथा परिवहन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर 20 जून से

धनबाद।

उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर आगामी 20 जून से जिले के सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर 29 जून 2024 तक जारी रहेगा। इसको लेकर सभी अंचलाधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दे दिया गया है।

उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि वह उक्त तिथियों को अंचल कार्यालय में जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपने खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल – खारिज के लिए आवेदन करेंगे। जानकारी हो कि, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा ऐसा करने को लेकर पूर्व में ही निदेश दिया गया है। सभी अंचलाधिकारियों को अपने स्तर से शिविर का व्यापक प्रचार – प्रसार करने को कहा गया है।

शिविर में इन दस्तावेजों के साथ पहुंचें आमजन

शिविर में खतियानी रैयतों के वंशजों की पहचान करते हुए ऑनलाइन दाखिल – खारीज का आवेदन अपलोड किया जाएगा। इसके लिए शिविर में शामिल होने वाले आमजनों को (i) आपसी पारिवारिक बँटवारा का Notary Public द्वारा निर्गत शपथ पत्र, (ii) माननीय न्यायालय द्वारा Partition Suit में पारित आदेश की प्रति (यदि लागू हो तो), (iii) निबंधित बँटवारा के दस्तावेज की प्रति (यदि लागू हो तो) एवं संबंधित राजस्व ग्राम प्रधान/मुखिया द्वारा सत्यापित प्रतिवेदन आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।

शिविर में आमजनों से प्राप्त आवेदनों को क्रमवार पंजी में संधारित करते हुए उन्हें पावती रसीद निर्गत करेगी। *भूमि सुधार उप समाहर्ता चास एवं बेरमो (तेनुघाट) अपने अनुमण्डल अंतर्गत आयोजित होने वाले विशेष राजस्व शिविर की निगरानी करेंगे।

सभी अंचलाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को *स्थानीय जनप्रतिनिधियों (मुखिया, उपमुखिया, प्रमुख, जिला परिषद, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य एवं विधायकों एवं सासदों) की सहभागिता से शिविर का सफल आयोजन करने का निर्देश दिया है।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

धनबाद । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, स्वास्थ्य संबंधित मामले, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुआवजा, नौकरी के नाम पर ठगी के मामले, बिजली, पानी, सड़क, आंगनबाड़ी सहायिका का उम्र सीमा में छूट देने से संबंधित, बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए।

उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

बोकारो में CISF जवान ने की पत्नी की हत्या..फिर खुदकुशी

बोकारो

बोकारो में CISF के जवान ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर खुद आत्महत्या कर ली। जवान की पहचान संजीत उर्फ संदीप के रूप में हुई है। वह बंगाल के हल्दिया जिले में पोस्टेड था। घटना को अंजाम देने से पहले उसने अपने बेटे को एक कमरे में बंद कर दिया था। घटना बोकारो के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 की है। मृतक दंपती के बेटे ने बताया कि उसके माता-पिता के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान जवान ने अपनी पत्नी विनीता देवी को थप्पड़ मारा। हालांकि, बेटे के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हो गया था। मृतक के बेटे ने बताया कि वह कमरे में सो रहा था, इसी दौरान जवान ने उसके कमरे के दरवाजे को बाहर से लॉक कर दिया। इसके बाद पापा ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी, वो मदद के लिए मुझे बुला रही थी। जवान ने हत्या कर शव को बाथरूम में छिपा दिया था।

दूसरे क्वॉटर में जाकर की खुदकुशी आरोपी जवान अपनी पत्नी के साथ सेक्टर 8c के आवास संख्या 2368 में रह रहा था। जहां लड़ाई के बाद जवान ने पत्नी की हत्या कर उसके शव को बाथरुम में छुपा दिया। आवास से पुलिस को कई अहम सुराग भी मिले हैं। घटना को अंजाम देने वक्त पिता ने बेटा को एक कमरे में बंद कर दिया था। इसके बाद उसे खोजने का नाटक करने लगा। उसकी हत्या आवास संख्या 2368 में की गई थी जबकि संजीत ने सेक्टर 11 डी में जाकर आत्महत्या कर ली। **2008 में हुई थी शादी** विनीता देवी की शादी संजीत के साथ 2008 में हुई थी। इसके बाद सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन पत्नी व पति के बीच हुई विवाद के कारण पति ने उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि संजीत उर्फ संदीप पुरुलिया जिले के पश्चिम बंगाल के उरमा गांव का निवासी है।

मुजफ्फरपुर कॉल सेंटर कांड का मास्टरमांइड गोरखपुर से गिरफ्तार:कंपनी में जॉब का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

मुजफ्फरपुर

यौन शोषण के आरोप में घिरे मुजफ्फरपुर के डीबीआर चिटफंड कंपनी के संचालक और अधिकारियों पर पुलिस की विशेष टीम ने दबिश बढ़ा दी है। मंगलवार को पुलिस ने कॉल सेंटर कांड के मुख्य आरोपी तिलक सिंह को यूपी के गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने तिलक सिंह पर फेसबुक पर दोस्ती करने और जॉब का लालच देकर मारपीट और यौन शोषण का आरोप लगाया है। इधर, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि मुजफ्फरपुर में 100 से ज्यादा लड़कियों के साथ केरल की तरह लव जिहाद किया गया है। यह गंभीर मुद्दा है। मुजफ्फरपुर एसपी से मैं जांच की मांग करता हूं। अगर उनसे जांच नहीं हो पा रही है तो केस को सीबीआई को सौंप दें। मुजफ्फरपुर में फर्जी चिटफंड कंपनी में नौकरी का झांसा देकर एक लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाया गया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी तिलक सिंह से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। इसके बाद तिलक ने उसे कॉल किया और दोस्ती कर जॉब का लालच देकर मुजफ्फरपुर बुला लिया। यहां उसके साथ यौन शोषण किया गया। जब वो प्रेग्नेंट हुई तो दवा खिलाकर तीन बार उसका गर्भपात करा दिया गया। फिर नकली शादी कर यौन शोषण किया गया। पीड़िता जब शिकायत लेकर थाने गई तो पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की।

'हथियार तुम्हारा लेकिन वार हमारा', मोदी-नीतीश की काट के लिए तेजस्वी का नया दांव

लोकसभा चुनाव के बाद तेजस्वी यादव को ये अहसास हो गया है कि नौकरी वाला दांव उतना कारगर नहीं रहा। यही वजह है कि तेजस्वी ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश के हथियार को ही अपना अस्त्र बना लिया है। नीचे पढ़िए कैसे...

पटना

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। नीतीश कुमार के 'सुशासन' की छवि से पार पाने के लिए वह अब कानून-व्यवस्था को मुद्दा बना रहा है। राजद नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पार्टी पर लगे 'जंगलराज' के दाग मिटाने के लिए नई रणनीति बनाई है। वह अब नीतीश कुमार के 'सुशासन बाबू' की इमेज पर ही हमला कर रहे हैं। तेजस्वी को बखूबी पता है कि राजद पर जंगलराज का ठप्पा लगा हुआ है। राजद के कई ऐसे नेता हैं जिनकी छवि बेहद ही खराब है। ऐसे में तेजस्वी ने नया दांव चला है।

तेजस्वी ने हथिया लिया बीजेपी का हथियार

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान एनडीए के नेताओं ने लालू यादव के शासनकाल में फैले 'जंगल राज' की याद दिलाई और उसका लाभ भी एनडीए को मिला। माना जाता है कि लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल से ही राजद के नेताओं के ऊपर लगते आए भ्रष्टाचार और जंगलराज के आरोपों का नुकसान महागठबंधन को हुआ। लेकिन अब तेजस्वी ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश के इसी 'हथियार' को हथिया लिया है। तेजस्वी इन दिनों सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार कानून-व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष पर हमलावर हैं। वह डबल इंजन की सरकार बताकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों पर निशाना साध रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में तेजस्वी को इसलिए हुआ नुकसान लोकसभा चुनाव में तेजस्वी यादव ने 250 से अधिक सभाएं कीं, लेकिन महागठबंधन के तहत वह चार सीटें ही जीत सकी जबकि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू 12 सीटें जीतकर किंगमेकर साबित हुई। स्थिति ऐसी बन गयी कि भाजपा ने अभी से 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया। दूसरी ओर, तेजस्वी कमजोर साबित हुए। **पीएम मोदी के 'जंगलराज दांव' से राजद खा गया मात**

बिहार की राजनीति के जानकार अजय कुमार भी कहते हैं कि राजद पर लगे आरोपों का लाभ लोकसभा चुनाव में एनडीए को हुआ है। ऐसे में राजद के नेताओं ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में इससे पार पाने की योजना पर अभी से काम शुरू कर दिया है। राजद यह साबित करने की कोशिश कर रहा है कि आज के दौर में कानून-व्यवस्था की स्थिति ज्यादा खराब है। तेजस्वी राज्य के लोगों को सचेत और सावधान भी कर रहे हैं।

पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी:दोपहर में ईमेल पर आया मैसेज, सिटी एसपी बोले- बढ़ाई गई सुरक्षा

पटना

पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए ये धमकी मिली है। दोपहर करीब 1:10 मिनट पर पटना एयरपोर्ट के निदेशक को धमकी भरा मेल मिला जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही जांच अभियान चलाया जा रहा है। एयरपोर्ट के निदेशक ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बम की धमकी वाला ईमेल मिला है।

FIR दर्ज, बढ़ाई गई सुरक्षा पटना सिटी एसपी (सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि नॉन स्पेसिफिक धमकी मिली है। इसके लिए हम लोगों ने मीटिंग की है। FIR दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ाने के साथ साथ डॉग स्क्वायड की टीम एयरपोर्ट का जायजा ले रही है। एंट्री और एग्जिट गेट पर सीआईएसएफ के जवान बारीकी से जांच कर रहे हैं। हर छोटी बड़ी गतिविधियों पर जवानों की पैनी नजर है। फिलहाल एयरपोर्ट प्रशासन कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

स्कूल में गला दबाकर हुई थी आयुष की हत्या:पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से खुली प्रिंसिपल समेत तीन आरोपियों के झूठ की कहानी;अब विसरा रिपोर्ट का इंतजार

पटना पटना के टिनी टॉट एकेडमी स्कूल में 16 मई को 4 साल के आयुष की हत्या हुई। इसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आ चुकी है। रिपोर्ट से साफ हो गया है कि आयुष की गला दबाकर हत्या की गई है। 16 मई को आयुष का शव क्लास रूम के गटर में मिला था। हालांकि हत्या क्यों की गई, इसका खुलासा अभी तक पुलिस नहीं कर पाई है। इस मामले में पुलिस ने स्कूल की प्रिंसिपल वीणा झा , उसके बेटे और स्कूल संचालक धनराज झा और एक टीचर को गिरफ्तार किया था। तीनों का कहना था कि आयुष खेलने के दौरान गिरा। सिर पर चोट आई थी, खून निकलने लगा। वो डर गए और गटर में फेंक दिया। **मौत के 31 दिन बाद खुलासा, अब विसरा रिपोर्ट का इंतजार** आयुष की मौत के 31 दिन बाद पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की माने तो तीनों ने अपना गुनाह छिपाने के लिए सभी से झूठ बोला। सबूत छिपाने के लिए शव को गटर में डाल दिया था। आगे की जांच के लिए आयुष के शव का सैंपल विसरा जांच के लिए भेजा गया है। आयुष के पिता शैलेंद्र कुमार को अब भी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

पुलिस की ओर से कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। उनका कहना है कि अब हम वरीय अधिकारियों का दरवाजा खटखटाएंगे। ऐसे दरिंदों को फांसी मिलनी चाहिए, ताकि इस तरह की घटना कोई दोबारा ना हो सके। आयुष के दादा बिंदेश्वरी राय पोते की हत्या के बाद से अब तक सदमे में है। वे उस दिन को याद करते हुए रो पड़ते हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय इतिहास रचने के लिए तैयार, पीएम मोदी 19 जून को नेट जीरो कैंपस की देंगे सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जून को विश्व प्रसिद्ध प्राचीन शिक्षा केंद्र के नाम पर रखे गए नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन करने के लिए बिहार में होंगे। समारोह में राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। पीएम मोदी नालंदा के खंडरों का भी दौरा करेंगे और राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उदघाटन करेंगे।

नालंदा: बिहार का नालंदा विश्वविद्यालय, प्राचीन शिक्षा का ऐसा केंद्र जिसको आक्रांताओं ने तबाह तो कर दिया था लेकिन, शिक्षा का यह केंद्र एक बार फिर से जनसेवा के लिए, शिक्षा के विश्वव्यापी प्रसार के लिए तैयार खड़ा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजगीर और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा होने वाला है। इसको लेकर एसपीजी ने दोनों स्थलों पर अपनी कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले यहां की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में एसपीजी की ओर से उच्च अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक भी की गई। बैठक में सुरक्षा के हर पहलू पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

17 देशों के राजदूत भी होंगे शामिल

19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के नेट जीरो परिसर का शुभारंभ करने वाले हैं, जो 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। साथ ही, प्रधानमंत्री प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष का अवलोकन भी करेंगे और नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण करेंगे। प्रधानमंत्री के साथ भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अरविंद पनगढ़िया भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के स्थापना में अहम योगदान देने वाले कुल 17 देशों के राजदूत भी शामिल होंगे। नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे कई देशों के छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। कुलपति प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने बताया कि भारत को विश्व गुरु बनाने का जो हमारा लक्ष्य है, उसके प्रति यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना से नालंदा के गौरवशाली अतीत को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है। इस परिसर में विगत सत्र में 26 देशों के बच्चे अध्ययन कर रहे थे, जिनमें उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण एशिया, और मध्य एशिया के देशों के छात्र शामिल हैं। यह पवित्र भूमि है, शांति और ज्ञान की भूमि है।

पटना के बैकठपुर में गंगा घाट पर युवक डूबा:दोस्तों के साथ स्नान के लिए आया था, खोज में जुटी SDRF की टीम

पटना पटना में निर्जला एकादशी के दिन (18 जून) गंगा नदी में नहाने के दौरान एक युवक लापता हो गया। मौके पर स्थानीय नाविक और गोताखोर पहुंच गए हैं। अंचल पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष भी घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर नाविकों और गोताखोरों की ओर से खोजबीन जारी है। घटना खुसरूपुर थाना के बैकठपुर गंगा घाट की है।

नालंदा जिले के रहने वाला एक युवक गंगा नदी में नहाने के दौरान डूब गया। उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। युवक नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के बलभद्रसराय का रहने वाला है।

पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में पीजी कोर्स में आज से आवेदन शुरू:नामांकन की आखिरी तारीख 2 जुलाई, 10 हजार

पटना पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में आज से पीजी कोर्स में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुका है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने पसंदीदा पीजी विभाग व कॉलेजों को क्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें आवेदन की अंतिम तिथि 2 जुलाई है। डीएसडब्ल्यू प्रो. एके नाग ने बताया कि विश्वविद्यालय के पीजी विभाग और कॉलेजों में लगभग 10 हजार सीटों पर नामांकन लिए जाएंगे। **सामान्य कोटि को आवेदन के लिए 800 रुपए फीस** यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार सामान्य कोटि, बीसी वन, बीसी टू, ईडब्ल्यूएस कोटि के अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए 800 रूपये, शेष कोटि को 600 रूपये फीस निर्धारित है। पीजी रेगुलर व ट्रेडिशनल कोर्स में नामांकन

के लिए स्नातक में 45 प्रतिशत अंक संबंधित स्नातक विषय, मेजर व कोर विषय में होने चाहिए। पटना के कॉलेजों में कला के लिए 7451 सीट, विज्ञान के लिए 2635 सीट और कॉमर्स के लिए 679 सीट हैं। आवेदन के बाद पहली मेरिट लिस्ट 4 जुलाई को जारी होगी। इस सूची से नामांकन की अंतिम तिथि 8 जुलाई है। वहीं, नामांकन का वैलिडेशन 9 जुलाई को होगा। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट से नामांकन की अंतिम तिथि 13 जुलाई है और नामांकन का वैलिडेशन 14 जुलाई को होगा। वहीं, तीसरी मेरिट लिस्ट 15 जुलाई को जारी होगी।

साहब...पुलिस ने जबरदस्ती थाने में बेल्ट-डंडा से पीटा:सुमेश हत्याकांड में 7 को हिरासत में थाने लाई, आरोपी का नाम पूछा...नहीं बताने पर प्राइवेट-पार्ट में डाला पेट्रोल

भागलपुर

भागलपुर में हुए सुमेश मंडल की हत्या मामले में पुलिस ने 7 लोगों को हिरासत में लिया था। इन सभी लोगों का आरोप है कि वे और उसके परिजन पुलिस को अपनी बेगुनाही की गुहार लगाते रहे। लेकिन पुलिस नहीं मानी और इन लोगों के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं पीड़ितों का आरोप है कि उनके प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल छिड़का और लाठी-डंडे से कई घंटे मारे। सभी पीड़ितों को 1 दिन तक हिरासत में रखकर मारपीट की है। पीड़ितों ने गोराडीह पुलिस थानाध्यक्ष शंता सुमन पर ये आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही 2-3 पुलिस पर आरोप

लगाए हैं। एक पीड़ित धनेश्वर दास ने बताया कि शनिवार रात 2 बजे पुलिस मेरे घर पहुंची। हमको घर से थाना लेकर चली गई। वहां पर सुमेश मंडल हत्याकांड मामले में आरोपी के नाम पूछने लगी। जब हमने कहा कि मुझे नहीं पता, तो पुलिस मुझे एक कमरे में ले गई और वहां पर लाठी, बेल्ट से जमकर पिटाई की। पुलिस एक घंटे तक तलवे में बेल्ट से मारती रही। बार-बार पुलिस से हम अपनी जान की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी।मामला गोराडीह थाना क्षेत्र के पहाड़िया स्थान के पास का है। शुक्रवार देर रात सुमेश मंडल(49) की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में पुलिस ने 7 लोगों को हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ करने के लिए उन्हें थाना लाई थी। एक दिन आगे-पीछे कर इन सातों लोगों को पुलिस ने घर से उठाया। फिर थाने ले जाकर इन लोगों की अलग-अलग कमरे में जमकर पिटाई की।

बिहार में पहली बार हॉकी इंडिया कर रहा वर्कशॉप:भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच भी रहेंगे, 19 जून से 22 जून तक होगा आयोजन

पटना

हॉकी इंडिया की ओर से बिहार में पहली बार वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्कशॉप 19 जून से 22 जून तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में होगा। इसमें बिहार के सभी हॉकी कोच, टेक्निकल अंपायर, रेफरी शामिल होंगे। भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के चीफ कोच द्रोणाचार्य हरेंद्र सिंह इस वर्कशॉप को संचालित करेंगे। हरेंद्र सिंह बिहार के छपरा के रहने वाले हैं। उनके साथ इंटरनेशनल अंपायर रघुवीर प्रसाद भी होंगे। **बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण।**

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि पहली बार बिहार में बिहार के सारे हॉकी कोच, टेक्निकल अंपायर, रेफरी के लिए चार दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्कशॉप की खास बात यह है कि इसमें शामिल होने वाले 80 कोच, अंपायर और रेफरी बिहार से होंगे। इन सभी को गेम के लेटेस्ट रूल, गेम में हुए नए डेवलपमेंट, स्किल को अपग्रेड करने, आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इस ओपन वर्कशॉप में हॉकी के बारे में मिलेगी जानकारी महानिदेशक ने आगे कहा कि बिहार हॉकी एसोसिएशन के माध्यम से सभी कोच, टेक्निकल अंपायर, रेफरी का लिस्ट बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को दे दिया गया है। यह एक ओपन वर्कशॉप है, इसमें कोई भी हॉकी प्रेमी आकर हॉकी के अपग्रेडेशन के बारे में जानकारी ले सकते हैं। बिहार के पूर्व हॉकी चैंपियन, एथलीट या कोई भी कोच अपने आप को अपग्रेड करना चाहते हैं तो इस वर्कशॉप में उनका स्वागत है।

बिहार में गिर गया एक और पुल, करोड़ों की लागत से बकरा नदी पर बना रहा था ब्रिज

अररिया में पड़रिया पुल निर्माण की घटिया गुणवत्ता और नदी तट को मजबूत करने के प्रयासों की कमी के कारण ढह गया। विधायक विजय कुमार मंडल और सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने लापरवाह ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। कौआखोन पंचायत के प्रधान विकास कुमार यादव ने पुल निर्माण में हुई चूक की आलोचना की।

अररिया: बिहार में एक और पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर नदी में गिर गया। मामला अररिया जिले का है। यहां सिकटी के पड़रिया में बकरा नदी पर 12 करोड़ की लागत से पुल बन रहा था, जो आज नदी में समा गया। यह पुल अभी पूरा भी नहीं बना था और नदी में गिर गया। लोगों को सालों से इस पुल के बनने का इंतज़ार था। यह पुल सिखटी और कुर्साकाटा प्रखंड को जोड़ता। स्थानीय बीजेपी विधायक विजय कुमार मंडल और सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इस पुल को बनाने के लिए बहुत कोशिश की थी। पहले जब यह पुल बना था तो बाढ़ की वजह से नदी का किनारा दूर चला गया था। इसके बाद 12 करोड़ रुपये की लागत से नदी के किनारे तक पुल को बड़ा बनाने का काम शुरू हुआ। लेकिन विभाग के लोगों ने ध्यान नहीं दिया और ठेकेदार ने सही से काम नहीं किया। इस वजह से मंगलवार को पुल नदी में गिर गया।

बकरा नदी पर बन रहा था पुल यह पुल बकरा नदी और कुर्साकाटा के बीच डोमरा बांध पर बन रहा था। कुछ दिन पहले ही विधायक विजय कुमार मंडल, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को अपने साथ लेकर पुल देखने गए थे। तब यह तय हुआ था कि बाढ़ से पहले पुल के दोनों तरफ नदी के किनारे को मजबूत करने का काम किया जाएगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। न तो किनारे को मजबूत किया गया और न ही ठेकेदार ने अपनी जिम्मेदारी निभाई।

ठेकेदार रात में चोरी-छिपे पुल का निर्माण करता था: बीजेपी विधायक बिहार बीजेपी विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा, 'ठेकेदार रात में चोरी-छिपे पुल का निर्माण करता था। अगर पुल के खंभे सही से बनाए गए होते तो यह नदी में नहीं गिरता।' उन्होंने ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार और कार्यपालक अभियंता के खिलाफ केस दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जाए।

पुल के निर्माण में की गई गड़बड़ी: पंचायत प्रमुख सिकटी प्रखंड के कौआखों पंचायत के प्रमुख विकास कुमार यादव ने बताया, 'पुल के निर्माण में गड़बड़ी की गई थी। इसलिए यह पुल बारिश से पहले भी गिर गया।' उन्होंने आगे कहा, 'इतने पैसे खर्च करके पुल बनाया जाता है और वह गिर जाता है। फिर भी किसी पर कार्रवाई नहीं होती। इससे ठेकेदारों और अधिकारियों के हौसले बुलंद हैं।' उन्होंने अपने सभी गांव वालों की तरफ से मांग की है कि ठेकेदार और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

कांग्रेस को हिंदुओं पर भरोसा नहीं... आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले- प्रियंका को चुनाव लड़ाकर कद कम करने की कोशिश

राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से ही सांसद बने रहेंगे। वहीं वायनाड की उनकी खाली की गई सीट से प्रियंका गांधी उपचुनाव लड़ेंगी। प्रियंका इस चुनाव के बहाने लोकतंत्र में चुनावी राजनीति का आगाज करेंगी। कांग्रेस के पूर्व नेता प्रमोद कृष्णम ने अब इस फैसले को लेकर तंज कसा है।

गाजियाबादः कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से ही सांसद बने रहेंगे। वहीं वायनाड की उनकी खाली की गई सीट से प्रियंका गांधी (Priyanka Gandhi) उपचुनाव लड़ेंगी। प्रियंका इस चुनाव के बहाने लोकतंत्र में चुनावी राजनीति का आगाज करेंगी। कांग्रेस के पूर्व नेता प्रमोद कृष्णम ने अब इस फैसले को लेकर तंज कसा है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा,'प्रियंका गांधी कांग्रेस में सबसे अधिक लोकप्रिय चेहरा हैं। उन्हें तो कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। लेकिन वह नई पारी की शुरुआत कर रही हैं। उपचुनाव में टिकट देकर उनके कद को छोटा करने की कोशिश की गई है। प्रियंका गांधी को कांग्रेस ने वायनाड से लड़वाकर एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि उन्हें हिंदुओं पर भरोसा नहीं है।'

वहीं, दूसरी ओर बीजेपी ने भी कांग्रेस के फैसले पर निशाना साधते हुए कहा है कि अगर उन्हें हिंदुओं पर भरोसा होता तो किसी और सीट से भी लड़ सकती थीं। एक समय कांग्रेस के लिए पूरी तरह से समर्पित रहने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम अब कांग्रेस पार्टी और इंडिया अलायंस की जमकर आलोचना करते हैं।

वहीं प्रियंका गांधी ने वायनाड के लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस नहीं होने देने का आश्वासन दिया है। राजनीतिक आगाज की तैयारी करते हुए प्रियंका ने कहा,'मैं वायनाड को राहुल गांधी की कमी महसूस नहीं होने दूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और वायनाड में सभी को खुश करने की पूरी कोशिश करूंगी। एक अच्छी प्रतिनिधि बनूंगी।'

बांदा की इस बैंक से 300 अकाउंट से गायब हो गए साढ़े 17 लाख, कहां गए किसी को हवा नहीं लगी, गांव में हाहाकार

पैसे की सुरक्षा के लिए लोग बैंक में जमा कर देते हैं। लेकिन अगर बैंक में ही उनका धन सुरक्षित नहीं है तो फिर लोग अपने धन की सुरक्षा कैसे कर पाएंगे। यह बड़ा सवाल जिले के गडरिया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का है, जिनके खातों से जमा पूंजी धोखाधड़ी कर निकल गई है।

बांदाः बांदा के जसपुरा ब्लॉक में एक साल पहले आर्यावर्त बैंक की पपरेंदा शाखा से डेढ़ सौ खाताधारकों के खातों से 40 लाख रुपए निकाल लिए गए थे। अभी तक इस फर्जीवाड़ा मामले का पटाक्षेप भी नहीं हो पाया कि अब इसी ब्लॉक की ग्राम पंचायत गडरिया में स्थित आर्यावर्त बैंक की शाखा से बैंक मित्र और कर्मचारियों की मिलीभगत से खाताधारकों के करीब 17 लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। खाता धारकों के प्रदर्शन के बाद बैंक में हुई इस हेराफेरी की जांच शुरू हो गई है। इस हेराफेरी का 10 जून को उस समय खुलासा हुआ जब ग्राम पंचायत गडरिया निवासी अजय निषाद ने अपनी पत्नी का खाता चेक कराया। इस बारे में जानकारी देते हुए अजय निषाद ने बताया कि पत्नी संगीता का आर्यावर्त बैंक में खाता है। खाता चेक कराया तो पता चला कि फर्जीवाड़ा करते हुए उसके खाते से दस हजार रुपये निकाले गए हैं। इसी तरह एक और खाताधारक सुमित्रा के खाते से 11 हजार रुपये और राधा के खाते से भी 11 हजार रुपये निकाले गए और उन्हें पता ही नहीं चला। इस बात की जानकारी जब अन्य खाताधारकों को मिली तो उन्होंने भी अपने-अपने बैंक खाता चेक कराया जिससे उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। उनके खातों से भी रकम निकाली गई है। जिनके बैंक खातों से रकम निकाली गई है, उनमें ज्यादातर पेंशनधारक, किसान सम्मान निधि और मनरेगा के मजदूर शामिल हैं। ठगी का शिकार हुए इन खाताधारकों ने बैंक के सामने विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस और बैंक मैनेजर से शिकायत की। खाताधारकों ने स्थानीय विधायक और जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद से भी मिलकर पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई। खाताधारकों का आरोप है कि करीब 300 खाताधारकों के खाते से लगभग साढ़े 17 लाख रुपये पार किए गए हैं। राज्यमंत्री के निर्देश पर जसपुरा थानाध्यक्ष को तत्काल जांच व कार्रवाई करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में बैंक के शाखा प्रबंधक रामराज मीणा से संपर्क नहीं हो पाया। वही जसपुरा थाना के उप निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी न` बताया कि खाताधारकों ने पुलिस के अलावा बैंक प्रबंधक से भी शिकायत की है। बैंक के उच्च अधिकारियों द्वारा अपने स्तर से ऑडिट कराया जा रहा है, ताकि कितने खाता धारकों का पैसा गायब हुआ है। इसका पता लगाया जा सके और इसके लिए कौन दोषी है इसकी जानकारी मिलते ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

जयपुर के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी, शाम को मेला लेकिन सुबह मिले खत ने मचा दी अफरा तफरी

जयपुर के एसएसजी पारीक कॉलेज को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। 'केएनआर' समूह ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए इसे दिल्ली में हुए पिछले हमले से जोड़ा। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। निर्जला एकादशी के दिन शाम को कॉलेज में मेला भरता है लेकिन सुबह धमकी मिलने से दहशत का माहौल बन गया।

जयपुरः राजधानी जयपुर में एक बार फिर बम धमाकों की धमकी का ईमेल मिला है। इस बार चांदपोल के पास स्थित एसएसजी पारीक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। कॉलेज प्रशासन के ऑफिशियल ईमेल आईडी पर मंगलवार सुबह ईमेल आया। इस ईमेल में लिखा था कि कॉलेज परिसर में बम रखा हुआ है। ईमेल पढ़कर कॉलेज में हड़कंप मच गया। कॉलेज प्रशासन की ओर से तुरंत पुलिस को इत्तला दी गई। पुलिस की टीमें बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंची और कॉलेज परिसर का कोना कोना छान मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एसएसजी पारीक कॉलेज के ऑफिशियल ईमेल आईडी पर धमकी भरा मैसेज भेजने वाले ने लिखा कि 'आपके कॉलेज में बम रखा है। यह बम किसी के बैग में है। कॉलेज के अंदर एक व्यक्ति राइफल (बंदूक) लेकर आया है, वह सभी को गोली मार देगा। हमारे ग्रुप का नाम 'केएनआर' है। हम ही इस हमले के पीछे हैं। हमारे ग्रुप ने ही दिल्ली के स्कूल में 1 मई को हमला करवाया था।' **मुख्य इमारत को कराया गया खाली** कॉलेज परिसर में समर कैंप चल रहे हैं। इस कैंप के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं और एग्जाम लिए जा रहे हैं। सुबह के समय जब बम होने की सूचना सामने आई। तब काफी छात्र छात्राएं कॉलेज केंपस में थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत मुख्य बिल्डिंग को खाली कराया। एसीपी अनिल शर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह ही कॉलेज प्रशासन के पास बम की सूचना का ईमेल आया था। पहले मौके पर तलाशी अभियान चलाया गया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पुलिस की साइबर सेल ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी है।

मेले से पहले दहशत फैलाने की कोशिश

मंगलवार 18 जून को निर्जला एकादशी है। इस अवसर शाम के समय पारीक कॉलेज परिसर में एक मेले का आयोजन होना है। निर्जला एकादशी को हर साल कॉलेज परिसर में मेला भरता है जहां सैंकड़ों की संख्या में स्त्री पुरुष हिस्सा लेते हैं। मंगलवार को मेला भरने से कुछ घंटे पहले बम होने की धमकी मिलने से लोगों में दहशत का माहौल है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सघनता से तलाशी ले ली गई है। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ऐसे में डरने की जरूरत नहीं है। निडर होकर मेले में शामिल होने और संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर पुलिस को सूचना देने के लिए कहा है।

दुबई में बेचते बैंक खाते और सिम, बिटकॉइन से हवाला के जरिए रकम वापसी, चकरा देगा फरीदाबाद का यह ठगी केस

फरीदाबाद में एक निजी कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मचारी से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी हुई। मामला साइबर थाना में दर्ज हुआ। पुलिस ने जांच शुरू की और जब खुलासा हुआ तो हर कोई हैरान था। यह इंटरनैशनल ठगी का रैकेट था, जो दुबई से जुड़ा था।

फरीदाबाद : निजी कंपनी से रिटायर्ड कर्मचारी से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा ठग लिए गए। यह कारनामा इंजीनियर और अकाउंटेंट की गैंग ने मिलकर किया। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया तो कई खुलासे हुए। पता चला कि दुबई में बैठे ठगों को यहां से बैंक खाते और सिम मुहैया करवाए जा रहे थे। ठग अब तक 25 से अधिक बैंक अकाउंट दुबई भेज चुके हैं। दुबई में बैठे जालसाज खातों में ठगी की राशि ट्रांसफर कर रहे हैं। इसके बाद इस रकम को बिटकॉइन और हवाला के जरिये अपने पास मंगवा लेते हैं। एसीपी साइबर क्राइम अभिमन्यु गोयत ने बताया कि 24 मई को सेक्टर-21सी निवासी बुजुर्ग के साथ एक करोड़ 62 लाख रुपये की ठगी की गई थी। मामले में फरीदाबाद के साइबर थाना एनआईटी में केस दर्ज हुआ था। जांच में सामने आया कि जिन खातों में ठगी कि राशि गई है, वह गुड़गांव के एक निजी बैंक से खोले गए थे। खाता होल्डर के पते की जांच की गई तो सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों कि मदद से अकाउंट खोले गए। इसके बाद साइबर तकनीक की मदद से दिल्ली निवासी सचिव बत्रा, आशुतोष कौशिक, जौहर यादव, नरेंद्र, विनोद, अनिल और उसकी पत्नी आशु को गिरफ्तार किया गया।

सरगना अकाउंटेंट, गैंग में इंजीनियर भी शामिल साइबर थाना एनआईटी प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि आरोपियों में अकाउंटेंट सचिव बत्रा को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पूरे गिरोह को इंडिया से वही ऑपरेट कर रहा था। वह जगह बदल-बदलकर ऑफिस खोलता था। उन फर्म के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के जरिये बैंक अकाउंट खुलवाता था। उसके इन फर्जी ऑफिस में विनोद और अनिल काम करते थे। दोनों छठी और नौवीं पास हैं। सचिव इन फर्जी खातों को आगे इंजीनियर आशुतोष कौशिक को बेचता था। वहां से आठवीं पास जौहर यादव इन खातों को दुबई सिम के साथ भेज देता था। सिम मुहैया कराने का काम 10वीं पास अनिल कुमार का था। वह फर्जी तरीके से सिम लेकर आता था। बैंक अकाउंट खोलने में फिजिकल वैरिफिकेशन के लिए उसकी पत्नी आशु मदद करती थी।

बिटकॉइन और हवाला के जरिये भेजते थे पैसा पूछताछ में सामने आया कि ठगी में इस्तेमाल हुए बैंक अकाउंट को आरोपी आशु के नाम पर फर्जी दस्तावेज लगाकर खोला गया था। इस बैंक अकाउंट को दुबई में बैठे ठगों को 10 लाख 50 हजार रुपये में बेचा गया था। ऐसे ही इन गिरफ्तार आरोपियों ने 25 से अधिक बैंक अकाउंट बेचे थे। इस खाते को खुलवाने के लिए आशु को 60 हजार रुपये दिए गए थे। अन्य रुपये सचिव, आशुतोष और जौहर में बंट गए। वहीं इन खातों में ठगी कि रकम को बिटकॉइन में बदलने और हवाला के जरिए पैसे भेजने का अलग कमीशन इन आरोपियों को मिलता था। सामने आया कि सचिव अब तक 25 से अधिक बैंक अकाउंट दुबई सिम के साथ सप्लाई कर चुका है। इन अकाउंट में अब तक 1000 करोड़ से अधिक की ठगी की जा चुकी है। ठगी का गिरोह दुबई से बैठकर ऑपरेट हो रहा है।

देशभर के लोग हो चुके हैं ठगी के शिकार

पूछताछ में सामने आया कि इन ठगों द्वारा मुहैया कराए गए बैंक खातों से दिल्ली-एससीआर समेत यूपी, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक, तमिल नाडु, हिमाचल समेत कई अन्य राज्यों के लोगों को शिकार बनाया गया है। ऐसे में I4C (इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर) में इन ठगों द्वारा विदेश में भेजे गए बैंक खातों कि जानकारी और सिम की जानकारी भेजी गई है, ताकि अन्य राज्यों की पुलिस इनसे अपने केस में पूछताछ कर सकें। मामले में जांच कर रहे एएसआई जितेंदर ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि ठगों ने इस केस में सात बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। एक बैंक खाते में 90 लाख, दूसरे बैंक खाते में 37 लाख व अन्य खातों में कुछ-कुछ पैसे डलवाए गए थे। आरोपियों से 44 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में अगले 5 दिन अहम, कोंकण-विदर्भ के लिए येलो अलर्ट, इन शहरों में भारी बारिश की अलर्ट

मुंबईः

महाराष्ट्र में एक बार फिर से मॉनसून सक्रिय नजर आ रहा है। इस साल मॉनसून ने समय से पहले राज्य में प्रवेश किया। हालांकि उसके बाद बारिश रुक गई। एक सप्ताह तक आराम करने के बाद अब मॉनसून एक बार फिर प्रदेश में सक्रिय हो गया है। ऐसे में भारी बारिश के संकेत हैं। क्योंकि अरब सागर के ऊपर मॉनसूनी हवाएं चल रही हैं। इससे बारिश के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों में महाराष्ट्र में कई जगहों पर भारी बारिश होगी।

मुंबई-उपनगरों में फिर से बारिश की दस्तक

पिछले कुछ दिनों से मुंबई और उसके उपनगरों से बारिश गायब हो गई थी और लोगों को एक बार फिर गर्मी का सामना करना पड़ा था। हालांकि सोमवार को मुंबई और उपनगरों में बारिश ने एक बार फिर दस्तक दी। इसके चलते मुंबई और कोंकण में भी बारिश हुई। आज यानी बुधवार और कल गुरुवार को कोंकण में भी भारी बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है।

सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, रायगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी

इस बीच मौसम विभाग की ओर से सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, रायगढ़ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। पालघर जिले में भी भारी बारिश होगी। **पुणे, सतारा में भी बारिश का येलो अलर्ट** इसके अलावा पश्चिमी महाराष्ट्र के पुणे और सतारा में भी बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है। साथ ही विदर्भ के लिए भी बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है।

विदर्भ में भी भारी बारिशमौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में मराठवाड़ा और विदर्भ में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। मराठवाड़ा के जालना, बीड, परभणी, छत्रपति संभाजीनगर, लातूर नांदेड़ में भारी बारिश होगी। अनुमान है कि विदर्भ के नागपुर, वर्धा, भंडारा, अमरावती, अकोला, यवतमाल, गोंदिया, गढ़चिरौली जिलों में भारी बारिश होगी।

रिटायर्ड IAS को बनाया मैनेजर, CA से कराया निवेश... 12th पास कंपाउडर ने ऐसे लगाया 100 करोड़ का चूना

रायपुर के सुशील साहू ने दो ट्रेडिंग ऐप के जरिए 8 राज्यों के सैकड़ों निवेशकों को ठगा। उसने MLM तकनीक का इस्तेमाल किया और लोगों को बिटकॉइन में निवेश करने का लालच दिया। इस घोटाले में उसने एक सेवानिवृत्त आईएएस को अपना मैनेजर भी बनाया था । आरोपी सुशील ने जिनको चूना लगाया उनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट से लेकर डॉक्टर और कई पेशेवर शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रायपुरः

लॉकडाउन में नौकरी छूटने के बाद रायपुर के सुशील साहू ने ऐसा कारनामा किया की अब उसके खिलाफ आठ राज्यों की पुलिस हरकत में आ गई है। ये सुनने में जितना फिल्मी लग रहा है उतना ही खतरनाक जाल था। इस घोटाले में सैकड़ों लोगों ने अपने करोड़ों रूपए गंवा दिए हैं। सुशील साहू ने क्विक कम्युनिटी ट्रेडिंग और क्विक ट्रेड टुडे नामक दो ट्रेडिंग एप बनाकर 8 राज्यों के 2000 से भी अधिक निवेशकों को डेढ़ साल में करीब 100 करोड़ रुपये की चूना लगा दिया। वह लोगों को पहले मेंबर बनाता था फिर विश्वास जीतकर उनके साथ धोखाधड़ी किया करता था। 12वीं पास कम्पाउंडर सुशील ने अपने शातिर दिमाग की बदौलत ठगी का ऐसा मकड़जाल बनाया की उसमें एक नहीं आठ राज्यों के लोग शामिल होते चले गए। ठगी के लिए उसने मल्टीलेवल मार्केटिंग एमएलएम का तरीका अपनाया। उसने नागपुर के संदीप को 1 लाख रुपये देकर दो एप विकसित करवाए। फिर लोगों को रेफर एंड अर्न के नाम पर प्रोमोशन करवाना शुरु कर दिया। लोग ज्यादा कमीशन के लालच के कारण उसके जाल में फंसते चले गए। **ठगी का जाल** इन एप के जरिए सुशील ने लोगों को बिटकॉइन में निवेश का झांसा दिया। पहले 100 डॉलर में सदस्यता बेचकर लोगों को फंसाया जाता था। फिर न्यूनतम 1000 डॉलर का निवेश करवाया जाता था। सुशील ने डेटा माइनिंग के जरिए अपनी क्रिप्टोकरेंसी भी लॉन्च करने की तैयारी कर ली थी। लोगों यह सब अपने पैसे कई गुना बढ़ाने का आसान रास्ता लग रहा था। पर जल्द ही उनका सपना खौफनाक हकीकत में तब्दील होने वाला था।

आईएएस को बनाया मैनेजर आरोपी ने बड़ी चालाकी से अपनी टीम बनाई और एक रिटायर्ड आईएएस को अपना मैनेजर बनाया ताकि किसी को शक न हो। इसके बाद उसने छत्तीसगढ़ के साथ साथ मध्य प्रदेश, उड़ीशा, ओडिशा से लेकर पंजाब, झारखंड, महाराष्ट्र और तेलंगाना के इंवेस्टर्स को अपने जाल में फंसाया। इन लोगों में चार्टर्ड अकाउंटेंट से लेकर डॉक्टर और कई अफसर भी शामिल हैं। घोटाले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है।

पैसा डूबा मचा हंगामा

मार्च 2023 में सुशील ने एप से पैसों का विड्रॉल बंद कर दिया। निवेशकों के पैसे डूबने पर हंगामा मचा। सबसे पहले राजनांदगांव के छुरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। 8 महीने बाद हाईकोर्ट के आदेश पर अब पुलिस निवेशकों से संपर्क कर रही है।

भारत में 2-3 साल की इंटर्नशिप जरूरी, विदेश से MBBS कर लौटने वाले डॉक्टर्स को हरियाणा मेडिकल काउंसिल से झटका

हरियाणा मेडिकल काउंसिल ने नैशनल मेडिकल कमिशन के आदेश लागू कर दिए हैं। अब विदेश से डॉक्टरी की पढ़ाई करके लौटने वालों के लिए भारत में प्रैक्टिस करना आसान नहीं होगा। उन्होंने भारत में आकर परीक्षा पास करनी होगी और उसके बाद तीन साल की इंटर्नशिप करना जरूरी कर दिया गया है।

चंडीगढ़ : विदेशों से MBBS की पढ़ाई करके लौटे हरियाणा के छात्रों को अब दो से तीन साल की इंटर्नशिप करने के बाद ही डॉक्टर का दर्जा मिल सकेगा। हरियाणा सरकार ने नैशनल मेडिकल कमिशन के आदेशों को सोमवार से राज्य में लागू कर दिया है। हरियाणा मेडिकल काउंसिल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, बिना दो से तीन साल की इंटर्नशिप के विदेश से MBBS की पढ़ाई कर लौटे छात्रों को डॉक्टर नहीं माना जाएगा। हरियाणा में मेडिकल की पढ़ाई बहुत अधिक महंगी है और इसे लेकर पिछले दिनों राज्य में बड़ा आंदोलन भी हो चुका है। इसलिए हरियाणा समेत देश के विभिन्न राज्यों से छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए रूस, चीन, यूक्रेन, किर्गिस्तान, फिलीपींस, जार्जिया और इस्राइल जाते हैं। इन देशों में पौने तीन लाख से 18 लाख रुपये तक में एमबीबीएस की पढ़ाई हो जाती है, जबकि हरियाणा में औसत 15 से 20 लाख रुपये वार्षिक का खर्च आता है।

भारत में पढ़ने वाले इंडियन मेडिकल ग्रेजुएट्स (IMG) को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (FMGE) की परीक्षा नहीं देनी होती। साथ ही उनकी इंटर्नशिप का पीरियड सिर्फ एक साल का होता है। भारत के बाहर से एमबीबीएस कर लौटे छात्रों को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स कहा जाता है। उन्हें लेकर नैशनल मेडिकल कमिशन ने

पब्लिक नोटिस जारी किया है।

नोटिस में क्या लिखा

नोटिस में कहा गया है कि कई फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स गलत तरीके से ऑनलाइन कक्षाओं के लिए अपने मूल विश्वविद्यालयों से कंपनसेटरी सर्टिफिकेट ले रहे हैं। यह पेशा बहुमूल्य मानव जीवन से जुड़ा है, इसलिए उनके जीवन को कम दक्ष लोगों के हाथों में दांव पर नहीं लगाया जा सकता। इसलिए अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड (UGMEB) ने फैसला लिया है कि अब से ऑफलाइन प्रैक्टिक्लस या क्लीनिकल ट्रेनिंग की जगह ऑनलाइन क्लासेज करके हासिल किए गए सर्टिफिकेट को स्वीकार नहीं किया जाएगा। नैशनल मेडिकल कमिशन की तर्ज पर ठीक ऐसे ही आदेश अब हरियाणा मेडिकल काउंसिल ने जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि जिन फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स ने अपने पाठ्यक्रम पूरा करने के दौरान किसी भी अवधि के लिए अपनी क्लास में ऑनलाइन हिस्सा लिया है, उन्हें एफएमजी परीक्षा पास करने और उसके बाद दो से तीन साल की अवधि के लिए अनिवार्य रोटेटिंग मेडिकल इंटर्नशिप से गुजरना जरूरी है।

FMGE पास करना जरूरी

विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर आने वाले छात्रों को भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने के लिए नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल सर्विसेज की ओर से आयोजित फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन यानी (FMGE) को पास करना पड़ता है। यह स्क्रीनिंग परीक्षा पास करने के बाद ही उन्हें प्रोविजनल मेडिकल रजिस्ट्रेशन दिया जाता है।

भारत में 2-3 साल की इंटर्नशिप जरूरी, विदेश से MBBS कर लौटने वाले डॉक्टर्स को हरियाणा मेडिकल काउंसिल से झटका

भाजपा के तेजतर्रार नेता गिरिराज सिंह ने हलाल की जगह झटका मांस की वकालत करके विवाद खड़ा कर दिया है, जिससे लोकसभा चुनाव और बकरीद के दौरान बहस छिड़ गई है। हालांकि ये कोई पहला मौका नहीं है जब गिरिराज सिंह ने ऐसा बयान दिया है। लेकिन इस बार भी वो विरोधियों को अपने सियासी जाल में फांसने में कामयाब हो गए।

पटनाः मटन, झटका, हलाल... ये कुछ ऐसे शब्द है जिन्हें माला की तरह बीजेपी के हार्ड कोर नेता गिरिराज सिंह एक खास समय में फेरते रहते हैं। राजनीति के उनके इस अंदाज ने ही उन्हें पार्टी के फायर ब्रांड नेता का तमगा दिया है। वो भी इस अंदाज में कि राजनीति की फसल जब चाहें, जहां चाहें, वो काटते रहे हैं। लोकसभा चुनाव की गहमागहमी अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि एक बार फिर से गिरिराज सिंह ने अपना तोप रूपी मुंह खोल दिया। ऐन बकरीद त्योहार के पहले गिरिराज सिंह ने शांत लहर के बीच एक पत्थर उछाल दिया गया। टेक्सटाइल मंत्री बनने के बाद पहली बार बिहार आए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपरोक्ष रूप से मुस्लिमों से एक अपील कर डाली। उन्होंने देश भर के प्रशासन को एक बार फिर उनके कर्तव्य की याद कराते हुए कह डाला कि 'सार्वजनिक स्थलों पर बकरों की कुर्बानी न दी जाए।' बात इतनी सी और आसमान से बरसती आग के बीच गिरिराज ने अपने मुंह से फायर कर दिया।

लालू, मटन और गिरिराज

भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ऐसी चाल चलते हैं कि न चाहते हुए भी उनके घोर विरोधी उन्हीं की ब्रांडिंग कर देते हैं। यकीन न हो तो इस किस्से से समझिए। लोकसभा चुनाव

से काफी पहले तेजस्वी यादव ने एक किस्सा कह दिया। दिसंबर 2023 में, लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां चरम पर थी। तब एक ही फ्लाइट में भाजपा नेता गिरिराज सिंह, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने सफर किया। इस सफर के बारे में पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ही शेयर किया। उन्होंने दावा किया कि 'गिरिराज सिंह ने मेरे पिता जी से मटन खाने की इच्छा प्रकट की। तब मेरे पिताजी ने पूछा आप तो झटका मांस खायेंगे। इंतजाम करना न होगा।' तेजस्वी ने सच कहा या झूठ, ये तो पता नहीं लेकिन उन्होंने लालू यादव नाम पर ही भी गिरिराज सिंह की ब्रांडिंग कर डाली।' आ गया बिहार सरकार का 'चुलबुल पांडेय', एक बार कमिटमेंट कर लेता है तो अपने आप की भी नहीं सुनता केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने 17 दिसंबर 2023 में अपने लोकसभा क्षेत्र बेगूसराय को एक बयान से चार्ज कर डाला था। तब लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने बड़ा बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को हलाल मांस खाना छोड़ देना चाहिए।

एक नजर

इस्लामिक दुनिया का नेता बनने के चक्कर में फंसे मुइज्जू, इजरायली पासपोर्ट पर प्रतिबंध बना गले की फांस, विरोध के बाद रोका

मालदीव के अटॉर्नी जनरल ने कहा है कि इजरायली पासपोर्ट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को लेकर कुछ बड़ी चिंताएं हैं, जिस पर विचार किया जाना चाहिए। मालदीव के इस प्रतिबंध में समस्या इजरायल में रह रहे फिलिस्तीनियों को लेकर है। फिलहाल, मुइज्जू के प्रतिबंध लगाने के आदेश को रोक दिया गया है।

मालेः इस्लामिक दुनिया में नेता बनने के चक्कर में मालदीव के जहरीले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इजरायली पासपोर्ट धारकों पर प्रतिबंध का फैसला तो ले लिया, लेकिन अब यह उनके गले की फांस बन गया है। मालदीव की मुश्किल है कि वह इजरायली प्रतिबंध पर पासपोर्ट लगाता है तो इजरायल में रहने वाले 20 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी अरब भी इसकी जद में आ जाएंगे। मालदीव के प्रशासन में बैठे वरिष्ठ लोगों के विरोध के बाद प्रतिबंध को लागू करने की योजना को रोक दिया गया है। मालदीव के अटॉर्नी जनरल अहमद उशाम ने कहा है कि इजरायली पासपोर्ट धारकों के मालदीव में प्रवेश पर रोक लगाने के फैसले पर विचार किया जाना चाहिए। मालदीव के मीडिया आउटलेट अधादू ने इस बारे में जानकारी दी है।

अटॉर्नी जनरल ने बताई समस्या

अटॉर्नी जनरल ने कहा कि 'सबसे बड़ी चिंता यह है कि इजरायली पासपोर्ट वाले कई फिलिस्तीनी भी हैं, जिनकी संख्या लाखों में है। जब हम पूर्ण प्रतिबंध लगाएंगे तो उनका क्या होगा? इन बातों पर विचार करने की जरूरत है' बीते सप्ताह गुरुवार को एजी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अहमद उशाम ने कहा कि सरकार का रुख नहीं बदला है लेकिन कुछ लोगों को इजरायली पासपोर्ट पर पूर्ण प्रतिबंध के बारे में चिंता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर विचार करने के बाद समाधान निकाला जाएगा।

संसद में पेश हुआ है विधेयक

इजरायली पासपोर्ट पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक सरकार के एजेंडे में शामिल नहीं था। उशाम ने कहा कि विधेयक को शामिल नहीं किया गया क्योंकि इसी विषय पर एक विधेयक संसद में पेश किया गया था, जिसका प्रस्ताव गैलोलु धेकुनु के सांसद मीकैल नसीम ने रखा था। संसद की पिछली बैठक में इस विधेयक को विचार के लिए स्वीकार कर लिया गया था। इसे सत्तारूढ़ पीपल्स नेशनल कांग्रेस के बहुमत के समर्थन से स्वीकार किया गया था।

मालदीव सरकार ने फिर क्यों लिया भारत विरोधी फैसला जब मुइज्जू भारत में थे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इस महीने की शुरुआत में इजरायली नागरिकों के मालदीव आने पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने फैसले के बारे में बताया था कि इसके लिए कानून में आवश्यक संसोधन किया जाएगा। मालदीव ने कहा था कि वह गाजा में इजरायल सरकार के हमले के विरोध में प्रतिबंध को लगा रहा है।

तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया... 'भारतीय नास्त्रेदमस' ने किया बड़ा दावा, बता दी कयामत के दिन की तारीख

नया नास्त्रेदमस कहे जाने वाले भारत के कुशल कुमार ने तीसरा विश्वयुद्ध शुरू होने के बारे में बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। इतना ही नहीं, उन्होंने कयामत के दिन की तारीख भी बताई है जो जल्द ही आने वाली है।

लंदन

दुनिया इस समय तीसरे विश्वयुद्ध के कगार पर है और यह कुछ ही दिनों में शुरू हो सकता है। भारत का नास्त्रेदमस कहे जाने वाले एक भविष्यवक्ता कुशल कुमार ने ब्रिटिश मीडिया से बातचीत में ये दावा किया है। डेली स्टार से बातचीत में कुशल कुमार ने बताया कि 18 जून के बाद तीसरा विश्वयुद्ध कभी शुरू हो सकता है। उन्होंने मई में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत के बाद की गई अपनी भविष्यवाणी को फिर से दोहराया। अपने दावे को सही ठहराते हुए कुमार ने इसके समर्थन में कई घटनाओं का जिक्र किया। कुमार ने भारत के जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए एक आतंकी हमले का हवाला दिया, जिसमें 9 हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या कर दी गई।

कब शुरू हो सकता है विश्व युद्ध? कुमार ने इसके पहले 10 जून को तीसरा विश्वयुद्ध शुरू होने की भविष्यवाणी की थी लेकिन वह बीत चुका है। हालांकि, उनका मानना है कि इसकी सबसे ज्यादा संभावना 18 जून को है। इसके साथ ही उन्होंने 29 जून को एक और कयामत का दिन बताया है। तीसरे विश्व युद्ध की भविष्यवाणी ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। खासतौर पर जिस तरह से इस समय दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में टकराव बढ़ रहा है।

कुमार ने रविवार को उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच असैन्य क्षेत्र में गोलीबारी का उल्लेख किया, जब उत्तर कोरिया से सैनिक क्षेत्र में घुस आए। उन्होंने तीसरी घटना के रूप में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ रहे तनाव की बात की, जिसमें अपने कमांडर की मौत के बदले में हिजबुल्लाह ने इजरायल के ऊपर रॉकेट की बौछार कर दी। इसके साथ ही उन्होंने क्यूबा में रूस की परमाणु पनडुब्बी पहुंचने पर भी बात की, जिसे 1962 के मिसाइल संकट के बाद रूस का बड़ा कदम माना जा रहा है।

बाबा वेंगा ने भी की है भविष्यवाणी

बुल्गारिया की बाबा वेंगा को बाल्कन का नास्त्रेदमस कहा जाता है। बाबा वेंगा ने दुनिया की कई मशहूर भविष्यवाणियां कीं जो उनकी मौत के बाद भी सच साबित हो रही हैं। 12 साल की उम्र में आंखों की रोशनी गंवा देने वाली बाबा वेंगा की 85 प्रतिशत भविष्यवाणियां सच हुई हैं। बाबा वेंगा ने भी 2024 में विश्वयुद्ध शुरू होने की भविष्यवाणी की थी। उन्होंने कहा है कि साल 2024 में एक बड़ा देश जैविक हथियारों से हमला करेगा। इसके अलावा उन्होंने यूरोप में आतंकी हमले की भी भविष्यवाणी की थी, जो मॉस्को में हुए शूटआउट के रूप में सच साबित हो चुकी है।

भारत ने पहली बार परमाणु बमों में पाकिस्तान को पछाड़ा, बनी रहेगी बादशाहत? खतरनाक पलान पर जिन्ना का देश

भारत ने आखिरकार 25 साल बाद पाकिस्तान को परमाणु बम की संख्या के मामले में पीछे छोड़ दिया है। सिप्री की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास 172 तो पाकिस्तान के पास 170 परमाणु बम हैं। इस बीच अमेरिकी वैज्ञानिकों का कहना है कि पाकिस्तान बड़े परमाणु प्लान पर काम कर रहा है।

इस्लामाबादः भारत ने 25 साल में पहली बार परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान को पीछे कर दिया है। स्वीडन की नामचीन संस्था सिप्री की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास अब 172 परमाणु बम है, वहीं पाकिस्तान के पास 170 हैं। सिप्री की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन ने पहली बार अपने परमाणु बमों को ऑपरेशनल हाई अलर्ट पर कर दिया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने साल 2023 में अपने परमाणु हथियारों के जखीरे को 8 की संख्या में बढ़ाया है। सिप्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों ने साल 2023 में नये तरीके के न्यूक्लियर डिलिवरी सिस्टम का विकास करना जारी रखा हुआ है। पाकिस्तान का सबसे ज्यादा फोकस भारत के परमाणु प्रतिरोधक क्षमता पर है। वहीं भारत चीन को निशाना बनाने के लिए लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों पर काम कर रहा है। भारत अभी भले ही पाकिस्तान से आगे निकल गया हो लेकिन पाकिस्तान कंगाली के बाद भी परमाणु हथियारों को लेकर बड़ी योजना पर काम कर रहा है। आइए समझते हैं... पाकिस्तान ने साल 2023 में 1 अरब डॉलर केवल परमाणु हथियारों और उनके डिलिवरी सिस्टम को बनाने पर खर्च किया है। अमेरिका के शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को मानना है कि पाकिस्तान के पास भले ही अभी 170 परमाणु बम ही हो लेकिन जिस तेजी से वह इसे बढ़ाने पर काम कर रहा है, साल 2025 तक वह इसे बढ़ाकर 200 तक करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने ओपन सोर्स मटीरियल, सैटलाइट तस्वीरों और अन्य स्रोतों से यह जानकारी दी है। बुलेटिन ऑफ द अटामिक साइंटिस्ट की साल 2023 में आई रिपोर्ट में अमेरिकी परमाणु वैज्ञानिकों ने पाकिस्तान को लेकर बड़ी चेतावनी दी थी। **पाकिस्तान ने अमेरिकी अनुमान को फेल किया** अमेरिकी वैज्ञानिकों ने कहा था, 'हमारा आकलन है कि पाकिस्तान के पास अब 170 परमाणु बमों का जखीरा है। अमेरिका की डिफेंस इंटेलजिंस एजेंसी का साल 1999 में अनुमान था कि पाकिस्तान के पास साल 2020 तक 60 से 80 परमाणु बम होंगे लेकिन तब से लेकर अब तक कई नई हथियार प्रणालियों को शामिल किया गया है जिससे अब परमाणु बमों का आंकड़ा अब बढ़ गया है।' फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट ने कहा कि हमारा यह आंकलन अनिश्चितता पर आधारित है क्योंकि पाकिस्तान या अन्य देशों ने परमाणु हथियारों को लेकर इस सूचना को प्रकाशित नहीं किया है। **दुनिया में किसके पास कितने परमाणु बम** न्यूक्लियर नोटबुक के नाम से आई रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान परमाणु बमों को दागने के लिए कई नये डिलिवरी सिस्टम को बना रहा है। पाकिस्तान के पास 4 प्लूटोनियम प्रॉडक्शन रिएक्टर हैं और वह अपने यूरेनियम संवर्द्धन इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहा है। इससे आने वाले कई वर्षों तक पाकिस्तान का परमाणु जखीरा तेजी से बढ़ता रहेगा। वैज्ञानिकों ने कहा, 'पाकिस्तान के परमाणु बमों की संख्या में यह बढ़ोत्तरी कई फैक्टर्स पर निर्भर करेगी। इसमें पाकिस्तान परमाणु बम लॉन्च करने वाले लांचर को तैनात करने की योजना बना रहा है, उसकी परमाणु रणनीति किस दिशा में आगे बढ़ती है और भारत अपनी परमाणु ताकत को किस तरह से बढ़ाता है।' अमेरिकी वैज्ञानिकों ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि पाकिस्तान का परमाणु जखीरा इसी तरह से बढ़ता रहा तो साल 2025 तक 200 तक पहुंच सकता है।' उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि अभी पाकिस्तान इतनी परमाणु सामग्री बना रहा है जिससे हर साल 14 से 27 नए परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। पाकिस्तान के पास 36 ऐसे फाइटर जेट हैं जिससे परमाणु बम गिराया जा सकता है। इसमें मिराज III/IV और जेएफ 17 फाइटर जेट शामिल हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के पास अब्दाली, गजनवी, शाहीन, गौरी और नस्र जैसी परमाणु मिसाइले हैं। पाकिस्तान इससे 2700 किमी दूरी तक भारतीय ठिकानों पर परमाण हमला करने की क्षमता रखता है। पाकिस्तान अबाबील मिसाइल बना रहा है जो कई परमाणु बम एक साथ ले जा सकती है।

भारत की सीमा से दूर रहें... पोल खुली तो चीन ने नेपाल में अपने नागरिकों को दी चेतावनी, समझें ड्रैगन का खेल

चीन ने अपने नागरिकों को चेतावनी दी है कि वे नेपाल जाने के बाद भारत की सीमा से दूर रहें। चीन ने कहा कि चीनी नागरिक वीजा लेने के बाद ही भारत जाएं और सीमा पर इसकी जांच भारतीय अधिकारियों से जरूर कराएं। इससे पहले नेपाल ने चीनी तस्कर को पकड़ा था।

बीजिंगः नेपाल के रास्ते भारत में तस्करी और जासूसी करा रहे चीन ने अपने नागरिकों को चेतावनी दी है कि वे भारत की सीमा से दूर रहें। भारत में चीन के दूतावास ने एक बयान जारी करके कहा कि चीनी नागरिक बिजनस और पर्यटन के दौरान भारत और नेपाल के बीच बने सीमा चिन्ह को समझें ताकि दुर्घटनावश वे भारतीय सीमा में नहीं घुस जाएं। चीनी नागरिकों को एडवांस में भारत का वीजा लेना होगा। इसके बाद भारतीय अधिकारियों से पासपोर्ट और वीजा की जांच कराने के बाद ही चीनी नागरिक भारत में सीमा चेक प्वाइंट के जरिए प्रवेश करें। चीन ने अपने नगारिकों को यह चेतावनी ऐसे समय पर दी है जब एक दिन पहले ही नेपाल पुलिस ने एक चीनी नागरिक को सोने की तस्करी के आरोप में अरेस्ट किया है। इस चीनी नागरिक को राजधानी काठमांडू से अरेस्ट किया गया है। इस चीनी नागरिक की पहचान शेराब ग्यालमो ऊर्फ सोनम गुरुंग के रूप में हुई है। नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बुद्ध तिनचूली इलाके से सोनम को 6 किलो सोने के साथ अरेस्ट किया है। उसके पास से 48 लाख रुपये कैश भी बरामद हुआ है। **भारत में सोने की तस्करी कर रहे चीनी नागरिक** नेपाल पुलिस ने इस चीनी नागरिक के पास से 3 मोबाइल फोन और एक नेपाली नागरिकता का दस्तावेज भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सोनम का संबंध नेपाल में सोने की बहुत बड़ी तस्करी से भी है। इसमें 60 किलो 700 ग्राम सोना जुलाई 2023 में पकड़ा गया था। इसे चीन से नेपाल पहुंचाया गया था। दरअसल, भारत एक बड़ा बाजार है और नेपाल के रास्ते चीनी तस्कर अवैध रूप से सोना पहुंचाते रहते हैं। इसमें कई भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। वहीं एक अन्य घटना में दो चीनी नागरिकों को गत मार्च महीने में उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में अरेस्ट किया गया था। **अमेरिका में पहली बार पहुंचा भारत का राफेल, चीन के J-20 की खैर नहीं** ये चीनी नागरिक नेपाल के रास्ते अवैध तरीके से यहां पर घुसे थे। इनकी पहचान झोउ पुलिन और युआन युहान के रूप में हुई थी। उन्हें सशस्त्र सीमा बल ने अरेस्ट किया था। इस गिरफ्तारी के बाद चीनी दूतावास को इसकी सूचना दी गई थी। ये लोग तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मिलना चाहते थे जिनको चीनी खुफिया एजेंटों से हमेशा खतरा बना रहता है। वे बेंगलुरु की भी यात्रा करना चाहते थे। बता दें कि चीनी खुफिया एजेंसी अक्सर ऐसे अवैध तरीके से अपने एजेंटों को भारतीय इलाके में भेजती रहती है और पकड़े जाने पर उन्हें आम नागरिक करार दे देती है। ये चीनी नागरिक भारतीय सैन्य ठिकानों की जासूसी भी करते हैं। कई चीनी अवैध रूप से भारत में लोन भी बांट रहे हैं।

पाकिस्तान में जिस ऊंट का काट दिया था पैर वो अब फिर होगा खड़ा, दुबई से मंगाई गई कृत्रिम टांग

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक जमींदार ने अपने नौकरों के साथ मिलकर ऊंट का पैर काट दिया। बेजुबान की गलती बस इतनी थी कि वह चारा खाने के लालच में खेत में घुस गया था। पैर काटने के बाद इसका विडियो भी बनाया गया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर लोग भड़क उठे।

कराचीः पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं। पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हंगामा हुआ और पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने सरकार से जमींदार के खिलाफ इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा, 'ऊंट को तुरंत कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा (सीडीआरएस) पशु आश्रय स्थल ले जाया गया और उसके लिए दुबई से कृत्रिम पैर मंगवाया गया है।' सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं। जाटो ने बताया कि ऊंट के पैर में सुधार हो रहा है और उसके इलाज के अगले चरण के बारे में निर्णय लेने के लिए मंगलवार को उसका एक्स-रे कराया जाएगा। पुलिस ने बताया कि किसान ने अपराधी की पहचान करने और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने से इनकार कर दिया इसलिए राज्य की ओर से छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इटली के पास समुद्र में डूबे दो जहाज, 11 की मौत, 60 से ज्यादा लापता, पाकिस्तान और बांग्लादेश के लोग भी थे सवार

दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 193 किमी दूर संकट में फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले एसओएस कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के पहुंचने तक मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचा लिया था। लापता लोगों की तलाश जारी है।

रोमः इटली के तट के पास सोमवार को समुद्र में दो जहाज डूब गए, जिसमें कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। शिन्हुआ न्यूज़ एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवासी नावों में कुछ खराबी आने के कुछ घंटों बाद सोमवार देर रात तक भूमध्य सागर में इटली के कोस्ट गार्ड ने खोज और बचाव अभियान जारी रखा। दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले एसओएस कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचाया और इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के आने तक उनकी सहायता की। कोस्ट गार्ड के अनुसार, एक महिला की जहाज से उतरने के तुरंत बाद मौत हो गई, वो बहुत बीमार थी। कोस्ट गार्ड ने एक बयान में कहा, 'नाव के डूबने के बाद बचे लोगों की तलाश जारी है।' कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं और जल्द ही मेडिकल टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज खोज अभियान में शामिल हो जाएगा। सोमवार देर शाम तक कोई और जीवित नहीं मिला।

तुर्की से रवाना हुआ था जहाज

स्थानीय मीडिया के अनुसार, जिन 66 लोगों के मरने की आशंका है, उनमें 26 नाबालिग हैं। जीवित बचे लोगों के बयान के अनुसार, यह नाव पिछले सप्ताह तुर्की से रवाना हुई थी, जिसमें इराक, सीरिया, ईरान और अफगानिस्तान से प्रवासी और शरणार्थी सवार थे। इतालवी अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। नाव भूमध्य सागर के रास्ते यूरोप पहुंचने की कोशिश कर रही थी।

दूसरे जहाज में थे पाकिस्तान, बांग्लादेश के लोग इससे पहले एक घटना में, जर्मन सहायता समूह रेस्कशिप के साथ एक बचाव जहाज ने 10 प्रवासियों को मृत पाया था और इटली के सबसे दक्षिणी द्वीप लैम्पेडुसा से दूर माल्टा के पास संकट में फंसी एक नाव पर सवार 51 अन्य लोगों को बचाने में कामयाब रहा। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बचे हुए लोग मुख्य रूप से बांग्लादेश, पाकिस्तान, मिस्र और सीरिया से थे। इतालवी गृह मंत्रालय ने जहाज को लैम्पेडुसा में डॉक करने का आदेश दिया था।

बिना डरे अमेरिकी सेना से भिड़ गए हूती विद्रोही, चार जहाजों पर किया हमला भूमध्य सागर के माध्यम से नाव से यात्रा करने वाले प्रवासियों को मौसम की स्थिति और खराब गुणवत्ता वाले जहाजों के कारण इस तरह की खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, इस वर्ष अब तक भूमध्य सागर को पार करते हुए लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं या लापता हो गए हैं। 2023 में 3,155 लोग लापता हो गए थे।

मक्का की सड़क पर हर तरफ लाशें! गर्मी के कहर से 22 हज यात्रियों की मौत, चौतरफा घिरी सऊदी सरकार

सऊदी अरब में इस बार हज यात्रा पर गर्मी का कहर टूट पड़ा है। अब तक कम से कम 22 तीर्थयात्रियों की गर्मी के चलते मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, मौत के बाद तीर्थयात्रियों के शवों को सड़क के किनारे धूप में रखने को लेकर सऊदी सरकार की आलोचना हो रही है।

रियादः सऊदी अरब में होने वाली दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में से एक हज यात्रा पर इस बार भीषण गर्मी का कहर टूटा है। हज यात्रा के दौरान गर्मी के चलते इस बार कम से कम 22 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ने के चलते सऊदी अरब सरकार की हज यात्रा की तैयारियों के दावों की पोल खुल गई। आलम यह था कि तीर्थयात्रियों के शवों को सड़क के किनारे चिलचिलाती धूप में पड़े हुए थे। रविवार को जॉर्डन की समाचार एजेंसी ने बताया था कि हज यात्रा पर गए देश के 14 श्रद्धालुओं की लू लगने से मौत हुई है। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गर्मी लगने के 2700 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं।

सऊदी सरकार की आलोचना

एक वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें कई शव सड़क के डिवाइडर और फुटपाथ पर रखे देखे जा सकते हैं। हालांकि, इस वीडियो की स्वतंत्र सोर्स से पुष्टि नहीं हुई है। मिस्र की 61 वर्षीय तीर्थयात्री अजा हामिद ब्राहिम ने समचार एजेंसी एएफपी को बताया कि उन्होंने सड़क के किनारे पड़ी हुई लाशें देखीं। ऐसा लग रहा था कि जैसे कयामत का दिन आ गया है। बड़ी संख्या में मौतों और उसके बाद शवों को लेकर हो रही बदइंतजामी को लेकर सोशल मीडिया पर लोग सऊदी अरब की आलोचना कर रहे हैं। ताहा सिद्दीकी ने सड़क किनारे शवों का वीडियो शेयर करते हए सवाल किया कि 'क्या इसके लिए सऊदी शासन को जिम्मेदार ठहराया जाएगा? वे इस्लामिक पर्यटन को प्रमोट करते हैं और इससे अरबों कमाते हैं।'

अरबाज की दूसरी शादी के बाद जॉर्जिया ने ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने साल 2023 के अंत में दूसरी शादी की। उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। शूरा से पहले अरबाज खान एक्ट्रेस अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट कर रहे थे, लेकिन बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। अब अरबाज की शादी के एक महीने बाद जॉर्जिया ने एक साक्षात्कार में उनसे ब्रेकअप पर खुलकर बातचीत की है। अरबाज खान की शूरा खान से शादी के कुछ दिनों बाद, अभिनेता की पूर्व प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में उनके साथ अपने ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात की। अरबाज खान की तारीफ करते हुए जॉर्जिया ने कहा, वे एक अच्छे इंसान हैं। हां, हम अलग हो गए और एक साथी को छोड़ने का खालीपन हमेशा रहेगा। क्योंकि यह आसान नहीं होता।

हमेशा रहेगी उनके लिए फिलिंग

जॉर्जिया ने आगे कहा, आप व्यक्तिगत रूप से किसी के साथ रिश्ते में शामिल होते हैं, लेकिन रिश्ता खत्म होने पर आगे बढ़ना होता है। जियोर्जिया ने कहा, मैं उनके लिए अच्छे की कामना करती हूं और अपने जीवन आगे बढ़ चुकी हैं। हालांकि, जॉर्जिया ने यह भी कहा कि अरबाज उनके सबसे अच्छे दोस्त की तरह थे और उनके लिए दिल में फीलिंग हमेशा रहेगी।

पूनम पांडे की फर्जी मौत को पब्लिसिटी स्टंट करार देते हुए बोलीं उर्वशी ढोलकिया

उर्वशी ढोलकिया ने कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस पूनम पांडे की फर्जी मौत की घोषणा पर कड़ा विरोध जताया और इसे पब्लिसिटी स्टंट करार दिया है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का यह सबसे निचला रूप है। पूनम पांडे के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर सर्वाइकल कैंसर से उनकी मौत की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर की गई थी। अब, पूनम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि उनकी मौत की खबर झूठी है। वह जिंदा हैं। ये सब उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कहा, यह इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का सबसे निचला रूप है! हां, सर्वाइकल कैंसर पर बात करना और जागरुकता फैलाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इस तरीके का पब्लिसिटी स्टंट बिल्कुल गलत था। घिनौना है!!

बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों की डेब्यू फिल्म रही फ्लॉप

हिंदी सिनेमा में ऐसी कई अभिनेत्रिया हैं, जिनकी पहली फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही, लेकिन इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री बड़ा मुकाम हासिल किया। आज ये अभिनेत्रियां हर दिलों की धड़कन हैं। इनकी हर फिल्म के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। इतना ही नहीं ये एक्ट्रेस आज एक फिल्म में काम करने के लिए भारी फीस भी चार्ज करती हैं, चलिए आज आपको ऐसी ही अभिनेत्रियों के बारे में बताते हैं।

इस लिस्ट में पहला नाम **अभिनेत्री कैटरीना कैफ** का है। कैटरीना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2003 में आई फिल्म बूम से किया था। बूम एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म थी, जिसे कैजाद गुस्ताद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन जैसे सुपरस्टार ने काम किया था। आज कैटरीना इंडस्ट्री की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक है। उनकी हालिया रिलीज मेरी क्रिसमस ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस **श्रद्धा कपूर** का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा की पहली तीन पत्ती फ्लॉप रही थी। साल 2010 में आई इस फिल्म में श्रद्धा के साथ अमिताभ बच्चन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आदित्य रॉय कपूर के साथ श्रद्धा की फिल्म आशिकी 2 सफलता की नई इबारत लिखी और इंडस्ट्री में श्रद्धा अपनी पकड़ बनाने में कामयाब हो गई। आज श्रद्धा हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्री में से एक हैं, जिन्होंने बीते कुछ समय में एक से बढ़कर एक फिल्में दी। पिछले कुछ सालों में एक के बाद एक कई हिट देने वाली **कियारा आडवाणी** भी इस लिस्ट में शामिल हैं। कियारा आडवाणी ने साल 2014 में फिल्म फगली से अपने एक्टिंग की शुरुआत की थी। फगली बुरी तरह फ्लॉप हुई थी, लेकिन कियारा लोगों के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में कामयाब रहीं। कियारा ने एम एस धोनी द अनटोल्ड लव स्टोरी से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया और आज बॉलीवुड की सबसे सफल एक्ट्रेस में शुमार हैं।

बॉलीवुड की बेबो **करीना कपूर** की भी पहली फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। करीना ने साल 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी में इंडस्ट्री में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन नजर आए थे। हालांकि, इसके बाद करीना ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई और कई सफल में फिल्मों में काम किया। करीना के करियर में एक से बढ़कर एक हिट शामिल हैं।

मुंबई और लंदन में शूट होगी रणबीर की रामायण

रणबीर कपूर ने साल 2023 में एनिमल से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस एक्शन क्राइम फिल्म ने रिकॉर्ड कलेक्शन किया और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही। अब रणबीर कपूर की अगली फिल्म रामायण की चर्चा तेज हो गई है। निर्देशक नितेश तिवारी इस फिल्म की तैयारी में जुटे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मुंबई और लंदन में शूट होगी। रिपोर्ट्स की माने तो, रणबीर कपूर की यह फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाएगी। फिल्म का शूटिंग बड़े पैमाने पर मुंबई में होगी, जहां इसका 60 दिन का शेड्यूल होगा। इसके बाद लंदन में भी 60 दिनों तक शूटिंग की जाएगी। रामायण के लंका वाले हिस्से की शूटिंग लंदन में ही की जाएगी, जिसमें रणबीर के साथ सुपरस्टार यश भी शामिल होंगे। चर्चा ये भी है कि रणबीर ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए शराब, मांसाहारी भोजन और लेट नाइट पार्टी से तौबा कर ली है। फिल्म में वे भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, कहा जा रहा अपने किरदार के प्रति श्रद्धा भाव के चलते रणबीर ने इन सब चीजों को छोड़ा है। गौरतलब है कि रणबीर कपूर के अलावा फिल्म में साई पल्लवी सीता की भूमिका में नजर आएंगी, वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में होंगे।

16 साल बाद ओटीटी से वापसी करेंगी उर्मिला मातोंडकर

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर आज 50 साल की हो गई हैं। उर्मिला का नाम 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल किया जाता था। इन्होंने जुदाई, रंगीला, सत्या, भूत, कौन जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। इनका नाम उस दौर की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में लिया जाता था। कई बार तो इन्हें हीरो से भी ज्यादा फीस मिलती थी। टॉप पर रहने के बावजूद उर्मिला की जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलना बंद हो गया। धीरे-धीरे उर्मिला का करियर डाउनफॉल पर चला गया। दरअसल, इसके पीछे उर्मिला की एक जिद थी जो कि बाद में उन पर ही भारी पड़ गई। 2019 में उन्होंने पॉलिटिक्स में भी किस्मत आजमाई, लेकिन इसमें भी बात नहीं बनी। बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इन्होंने फिल्मों में छोटे- मोटे कैमियो किए, लेकिन बतौर हीरोइन इन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब उर्मिला को ओटीटी के जरिए एक्टिंग में कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगीं।

16 साल बाद करेंगी कमबैक

बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में छोटे-मोटे कैमियो किए थे, लेकिन बतौर हीरोइन उन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब 16 साल बाद उर्मिला को ओटीटी के जरिए अपना एक्टिंग कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उर्मिला की यह सीरीज मां-बेटी के जज्बाती रिश्तों पर बनी है। फिल्म की कहानी छोटे कस्बे की है, जिसमें उर्मिला का एक्शन अवतार भी देखने को मिलेगा।

राजकुमार हिरानी की वेब सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे विक्रांत मैसी

फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका अगला प्रोजेक्ट विक्रांत मैसी के साथ एक वेब सीरीज है। राजकुमार हिरानी को लेकर यह भी खबर सामने आ रही थी कि वह रणबीर कपूर के साथ अपने अगले प्रोजक्ट के लिए सहयोग करेंगे। हिरानी पहले ही अपने अगले प्रोजेक्ट पर एक बिना नाम की वेब सीरीज पर आगे बढ़ चुके हैं, जिसमें 12वीं फेल अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। यह शो आमिर सत्यवीर सिंह द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने अतीत में हिरानी की सहायता की है। यह वेब सीरिज साइबर अपराध के इर्द-गिर्द घूमती है। विक्रांत इस सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिरानी न केवल शो का निर्माण कर रहे हैं बल्कि शो के रनर भी होंगे। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए कहा, कुछ कहानियों के लिए लंबे प्रारूप के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है और उन्हें फिल्म बनाने की आवश्यकता नहीं होती है, जिस पर हम वर्तमान में काम कर रहे हैं। वह कुछ ऐसा है जो हमें कोविड के समय में मिला था। मैं सीरीज में एक शो रनर के रूप में काम करूंगा और इसलिए मैं शो में पूरी तरह से शामिल हो जाऊंगा। यह कुछ ऐसा है जिससे मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मैं इसकी स्क्रिप्ट और जिस तरह से इसे आगे बढ़ाया गया है, उसे लेकर उत्साहित हूं।

विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज

एक निर्देशक के रूप में अपने ओटीटी डेब्यू पर बात करते हुए उन्होंने कहा, हां, मुझे अच्छा लगेगा जब किसी दिन मेरे पास बताने के लिए कोई कहानी होगी, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए मंच कोई मायने नहीं रखता। यदि यह टेलीविजन के लिए है तो इसे टीवी पर होना चाहिए या यदि यह एक लंबा प्रारूप है, तो इसे ओटीटी के लिए बनाएं। निर्माताओं ने इसे दो महीने के लंबे शेड्यूल में शूट करने की योजना बनाई है। यह वेब सीरीज अगले महीने से शुरू होने वाली है और मिर्जापुर, ब्रोकन बट ब्यूटीफुल और क्रिमिनल जस्टिस के बाद यह विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज होगी।

आउटसाइडर्स के हीरो हैं कार्तिक

अभिनेता मनोज बाजपेयी अपने अभिनय और हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इंडस्ट्री में हर कोई अभिनेता का फैन है, लेकिन मनोज खुद को कार्तिक आर्यन का फैन मानते हैं। हाल ही में, एक अवॉर्ड फंक्शन में अभिनेता ने कार्तिक की जमकर तारीफ की है। यही नहीं, अभिनेता ने अपना अवॉर्ड भी कार्तिक आर्यन को समर्पित किया है। मनोज ने कहा कि कार्तिक बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। मनोज का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ग्लोबल प्रीमियर के लिए तैयार धनुष की कैप्टन मिलर

प्राइम वीडियो ने आज तमिल पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा फिल्म कैप्टन मिलर के विशेष ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। यह फिल्म, त्रयी का पहला भाग है, जिसका निर्देशन अरुण मथेश्वरन ने किया है। अरुण ने इसे अरुणराजा कामराज और मदन कार्की के साथ मिलकर लिखा है। यह सत्य ज्योति फिल्म्स द्वारा निर्मित है। कैप्टन मिलर में धनुष मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही शिव राजकुमार, नासर, सुदीप किशन, प्रियंका मोहन और निवेदिथा सतीश भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आइए जानते हैं कि आप इस फिल्म का ओटीटी पर कब लुत्फ उठा सकेंगे। प्राइम वीडियो की घोषणा के मुताबिक, यह फिल्म भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 9 फरवरी को तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब के साथ प्रदर्शित होगी। कैप्टन मिलर प्राइम सदस्यता में नवीनतम जुड़ाव का प्रतीक है। भारत में प्राइम सदस्य इस फिल्म का लुत्फ उठा सकेंगे। धनुष की कैप्टन मिलर ने अपनी कसी हुई स्क्रिप्ट, दमदार प्रदर्शन और वर्तमान समय की प्रासंगिकता के लिए आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है।

निर्देशन ने जाहिर की खुशी

निर्देशक अरुण मथेश्वरन ने फिल्म की ओटीटी रिलीज पर कहा, कैप्टन मिलर 1930 के दशक पर आधारित है और यह एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा बताती है जो आजादी के लिए लड़ रहा है, जो इसे आकर्षक के साथ-साथ भावनात्मक भी बनाता है। फिल्म धनुष को उस तरह से दिखाती है जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है, और फिल्म को जो सराहना मिली है उसे देखना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। कैप्टन मिलर हमारे प्यार का परिश्रम है, और मैं उत्साहित हूं कि यह फिल्म अब प्राइम वीडियो के साथ भारत और दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंच जाएगी।

अब शुरू हुआ न असली World Cup... बरसते रहे छक्के, रिकॉर्ड तोड़ मैच, निकोलस पूरन का दिखा रौद्र रूप

अफगानिस्तान ने पिछले तीन मैच में विरोधी टीम को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में वेस्टइंडीज ने उसके गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए मौजूदा सीजन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इसके अलावा भी मैच के दौरान कई रिकॉर्ड बने।

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया): टी-20 का मतलब होता है फटाफट क्रिकेट। छक्के-चौके की बरसात। रनों का अंबार। स्कोर अनलिमिटेड। लेकिन यूएस-वेस्टइंडीज में जारी टी-20 वर्ल्ड कप का मौजूदा सीजन फीका-फीका सा लग रहा था। ऐसी पिच पर मैच हो रहे थे, जहां रन ही नहीं बन रहे थे। 120 रन का टारगेट चेज करने में भी बल्लेबाजों के पसीने छूट जा रहे थे। लो स्कोरिंग थ्रिलर देखने को मिल रहा था, लेकिन मंगलवार की सुबह वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच एक ऐसा मुकाबला हुआ, जिसने फैंस को खुश होने का मौका दे दिया। क्रिकेट लवर्स की मानें तो असली टी-20 वर्ल्ड कप तो आज से शुरू हुआ है।

निकोलस पूरन के 98 रन दरअसल, निकोलस पूरन ने लंबे-लंबे छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत दिखाते हुए 53 गेंद पर 98 रन ठोक दिए, जिसके बूते वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 218 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसी के साथ कैरेबियाई टीम ने डैरेन सैमी स्टेडियम में मौजूदा टी-20 विश्व कप का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। **कैरेबियन पावर ने किया फायर** वैसे तो दोनों टीम पहले ही सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था। दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज के लिए पूरन के अलावा वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा ओपनर जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और रोवमैन पॉवेल (26) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन, अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। निकोलस पूरन ने छह चौके और आठ छक्के वाली अपनी पारी के दौरान अजमतुल्लाह ओमरजई के एक ओवर में तीन सिक्स और एक चौका लगाया। इस ओवर में कुल 36 रन बने, जिसमें 5 नोबॉल, 5 वाइड और चार लेगबाई भी शामिल हैं। इस तरह से यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे महंगे ओवरों में शामिल हो गया। वेस्टइंडीज ने पावर प्ले में एक विकेट पर 92 रन बनाए जो पुरुष टी20 विश्व कप में नया रिकॉर्ड है। पूरन रन आउट होने के कारण अपना शतक पूरा नहीं कर पाए।

क्रिस गेल के 30 गेंदों में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने वाले साहिल चौहान कौन हैं, भारत से क्या है कनेक्शन?

साहिल चौहान ने मात्र 41 गेंदों पर 144 रन की नाबाद पारी खेली और एस्टोनिया को साइप्रस पर धांसू जीत दिलाई। चौथे नंबर के बल्लेबाज ने अपनी पारी में 24 चौके लगाए, जिसमें 18 छक्के शामिल थे, और 351.21 के आश्चर्यजनक स्ट्राइक-रेट से रन बनाए। उन्होंने क्रिस गेल के 30 गेंदों में सबसे तेज शतक को सिर्फ 27 गेंदों में चूर-चूर कर दिया।

नई दिल्ली: एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान ने एपिस्कोपी में मेजबान साइप्रस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच में 27 गेंद में सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इस प्रारूप में पारी में सबसे ज्यादा 18 छक्के लगाए। चौहान ने सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक का यान-निकोल लॉफ्टी ईटन का रिकॉर्ड तोड़ा। यान-निकोल ने 33 गेंद में शतक जड़ा था और उनका रिकॉर्ड चार महीने से भी कम समय तक टिका। यह टी20 का सबसे तेज शतक भी है।

साहिल ने क्रिस गेल को छोड़ा पीछे, तोड़ डाला सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड चौहान ने आईपीएल 2013 में क्रिस गेल के 30 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा। चौहान पुरुषों के टी20 मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में भी शीर्ष पर पहुंच गए। छह मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला के पहले दिन दो मैच खेले गए जिनमें से दोनों में एस्टोनिया ने जीत दर्ज की। एस्टोनिया ने पहले मैच में साइप्रस के सात विकेट पर 195 रन के स्कोर को पार करके जीत हासिल की।

साहिल ने 350 से अधिक के स्ट्राइक रेट से ठोके रन पहले मैच में पहली गेंद पर शून्य पर आउट होने के बाद चौहान ने अगले मैच में अपनी बल्लेबाजी का हुनर दिखाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साइप्रस ने सात विकेट पर 191 रन बनाए। एस्टोनिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज आठ गेंदों के अंदर आउट हो गए जब स्कोर सिर्फ नौ रन था। लेकिन फिर चौहान आए और उन्होंने साइप्रस के गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस करके अपनी टीम को जीत दिलाई। चौहान ने 351.21 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। साहिल चौहान के पास इंटरनेशनल टी20 का बहुत अनुभव नहीं है। उन्होंने अभी तक सिर्फ 4 टी20 ही खेले हैं। उन्होंने करियर का आगाज 30 सितंबर, 2023 को किया था।

'मोबाइल शॉप के लड़के' से कर बैठी थी प्यार, बला की खूबसूरत हैं हारिस रऊफ की वाइफ

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का एक वीडियो वायरल है। इसमें वह फैंस को मारने के लिए दौड़ रहे हैं। पत्नी रऊफ को रोकने के लिए पीछे भाग रही हैं।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह अपनी पत्नी के साथ के साथ टहल रहे थे। तभी किसी से बहस हो गई और वह उसे मारने के लिए दौड़े। पत्नी पीछे भागते हुए रऊफ को रोकने की कोशिश कर रही है। रऊफ का बचपन काफी स्ट्रगल में गुजरा था। आज वह पाकिस्तान के सबसे तेज गेंदबाज माने जाते हैं। हम आपको रऊफ की लव स्टोरी के बारे में बताते हैं।

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की पत्नी का नाम मुजना मसूद मलिक है। दोनों की शादी दिसंबर 2022 में हुई थी। शादी से पहले मुजना मॉडलिंग करती थीं। हारिस रऊफ और मुजना मसूद मलिक की लव स्टोरी काफी पुरानी है। दोनों क्लासमेट रह चुके हैं। लंबे समय तक रिलेशन में रहने के बाद दोनों ने शादी की थी।

हारिस रऊफ ने पाकिस्तान के लिए खेलने से पहले काफी स्ट्रगल किया है। वह अपनी फीस भरने के लिए रविवारी मार्केट में स्नैक्स बेचते थे। हारिस रऊफ ने प्रोफेशनल क्रिकेट खेलने से पहले मोबाइल की दुकान पर भी काम किया है। 23 साल की उम्र तक वह टेनिस बॉल से ही खेलते थे। उसके बाद वह हार्ड बॉल पर शिफ्ट हुए थे।

इधर घिघिया रहे पाकिस्तानी, उधर बाबर आजम मनाएंगे छुट्टी, 5 'बागियों' के साथ लंदन में करेंगे मौज

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने अपने पुराने ढर्रे पर चलने का फैसला किया है। यानी खराब प्रदर्शन के बाद स्वदेश नहीं लौटना है। एक ओर जहां पूर्व क्रिकेटर और फैंस भड़के हुए हैं तो दूसरी ओर, पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम ने अपने कुछ साथियों के साथ छुट्टी मनाने के लिए लंदन जाने का फैसला किया है।

नई दिल्ली: पाकिस्तानी टीम का शुरुआत से ही ऐसा रहा है। जब भी किसी बड़े टूर्नामेंट में बुरा प्रदर्शन करते हैं तो खिलाड़ी सीधे और एक साथ स्वदेश नहीं लौटते हैं। वे पहले किसी और देश जाते हैं और माहौल ठंडा होने का इंतजार करते हैं फिर धीरे-धीरे पाकिस्तान लौटते हैं। कुछ ऐसा ही इस बार भी देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां पूर्व क्रिकेटर भयंकर गुस्से में हैं तो दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम के टी 20 विश्व कप में अभियान के निराशाजनक रूप से ग्रुप चरण में समाप्त होने के बाद कप्तान बाबर आजम और पांच अन्य खिलाड़ी मोहम्मद आमिर, इमाद वसीम, हारिस रउफ, शादाब खान और आजम खान ने पाकिस्तान लौटने से पहले लंदन में छुट्टियां मनाने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ये छह खिलाड़ी आज शेष टीम के साथ पाकिस्तान नहीं पहुंचेंगे। इन खिलाड़ियों ने लंदन में अपने मित्रों और परिवार के साथ समय गुजारने का फैसला किया है। कुछ खिलाड़ी यूनाइटेड किंगडम में स्थानीय लीग खेलने की योजना भी बना रहे हैं। इस बीच मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और सहायक कोच अजहर महमूद अपने-अपने घरों के लिए रवाना होंगे। कोई नजदीकी सीरीज न होने के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कोचिंग स्टाफ को अपने-अपने देश लौटने की अनुमति दे दी है। पकिस्तान का टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में निराशाजनक प्रदर्शन रहा और उसे आखिरी जीत रविवार को आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में तीन विकेट से मिली। उसे सह मेजबान अमेरिका और चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से हार का सामना करना पड़ा। उसने फिर कनाडा को सात विकेट से हराया। चार मैचों में चार अंकों के साथ पकिस्तान ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा और सुपर आठ में जगह बनाने से दूर रह गए। भारत और अमेरिका ने शीर्ष दो स्थान हासिल कर सुपर आठ में जगह बनायी। पाकिस्तानी टीम अगस्त में दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश से भिड़ेगी, जिसके बाद इंग्लैंड का अक्टूबर में पकिस्तान का दौरा होगा।

राजनीति से ब्रेक के बाद पहली बार अमित शाह से मिले गौतम गंभीर, होने वाला है कुछ बड़ा ऐलान?

पूर्व सांसद और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को लेकर खबर है कि टीम इंडिया के हेड कोच के लिए आज उनका इंटरव्यू है। इससे ठीक एक दिन पहले वह देश के गृह मंत्री अमित शाह से मिले। उन्होंने इस खास मीटिंग की तस्वीर ट्विटर पर भी शेयर की है।

नई दिल्ली: एक ओर जहां भारतीय क्रिकेट टीम के कोच के लिए इंटरव्यू होना है तो दूसरी ओर भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है। इस फैसले के बाद इस तरह की पहली मीटिंग है। इस मीटिंग के बाद कुछ बड़ा होने का कयास लगाया जा रहा है। गंभीर ने 'एक्स' पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा।' बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के मेंटोर (मार्गदर्शन) के रूप में गौतम गंभीर की खूब तारीफ हुई है। जब से केकेआर चैंपियन बनी है तब से उन्हें टीम इंडिया का हेड कोच बनाने की मांग की जा रही है। गंभीर टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के मजबूत दावेदार हैं। द्रविड़ ने पुष्टि की है कि वह मौजूदा टी20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने संभावित नई नियुक्ति पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, वह चाहते हैं कि कोई देसी कोच ही बने, जो टीम इंडिया के माहौल और प्लेयर्स से परिचित हो। यह पता चला है कि अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने अभी तक किसी भी इच्छुक उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया है। बीसीसीआई से जुड़े लोगों का मानना है कि गंभीर की नियुक्ति महज एक औपचारिकता है क्योंकि दिल्ली के इस खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए कोई उपयुक्त भारतीय उम्मीदवार मौजूद नहीं है।

गौतम गंभीर... मजबूती या मजबूरी, हेड कोच पद के लिए आज इंटरव्यू, अप्लाई करने वाले एकमात्र दावेदार

पूर्व खिलाड़ी अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक वाली क्रिकेट सलाहकार कमिटी यानी CaC आज गौतम गंभीर का इंटरव्यू लेगी। वेस्ट जोन के सिलेक्टर रहे सलील अंकोला को रिप्लेस करने वाले दावेदार का भी इंटरव्यू होगा।

नई दिल्ली: भारतीय पुरुष टीम के कोच पद के लिए आवेदन करने वाले एकमात्र उम्मीदवार गौतम गंभीर आज जूम कॉल पर क्रिकेट सलाहकार समिति यानी CaC के सामने इंटरव्यू के लिए मौजूद रहेंगे। भारत को दो-दो वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिक निभाने वाले 41 साल के गंभीर का अगला हेड कोच बनना तय है क्योंकि भारत के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल यूएस-वेस्टइंडीज में जारी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मई के मध्य में इस पद के लिए आवेदन मंगाए थे, जिसकी डेडलाइन आईपीएल फाइनल का अगला दिन यानी 27 मई था। नए कोच का कार्यकाल जुलाई 2024 से शुरू होगा और 31 दिसंबर 2027 तक चलेगा।

CaC बोर्ड को सौंपेगे इंटरव्यू रिपोर्ट गौतम गंभीर मौजूदा आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स के मेंटॉर भी हैं। सीएसी में पूर्व क्रिकेटर अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक शामिल हैं। सलिल अंकोला की जगह लेने वाले चयनकर्ता पद के उम्मीदवार का भी साक्षात्कार होगा। अंकोला और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर दोनों पश्चिम क्षेत्र से हैं, इसलिए नया चयनकर्ता उत्तर क्षेत्र से होने की संभावना है। अगरकर को पिछले साल जुलाई में नियुक्त किया गया था और उन्होंने चेतन शर्मा की जगह ली थी, जिन्होंने एक स्टिंग ऑपरेशन में फंसने के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया था। जब अगरकर ने कार्यभार संभाला तो अंकोला पहले से ही चयनकर्ता थे। हम मुख्य कोच और चयनकर्ता पद के लिए उम्मीदवारों के लिए एक साक्षात्कार सत्र आयोजित कर रहे हैं। सीएसी अपनी सिफारिश बीसीसीआई को सौंपेगी और बोर्ड उसके बाद आधिकारिक घोषणा करेगा। बीसीसीआई को यह भी स्पष्ट करना पड़ा कि इस पद के लिए किसी भी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क नहीं किया गया था, क्योंकि आईपीएल के दोनों कोच रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर ने कहा था कि उन्होंने भारत के कोच पद के लिए संपर्क करने से इनकार कर दिया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा था, 'न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को कोचिंग की पेशकश की है।

रोहित शर्मा ने बुमराह से पूछा- पिच कैसी है? भारत के पहले प्रैक्टिस सेशन में क्या-क्या हुआ?

भारत के अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज ऋषभ पंत ने नेट पर बुमराह, हार्दिक, कुलदीप और अक्षर पटेल का सामना किया। हार्दिक भी बल्लेबाजी के अभ्यास के लिए उतरे। सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल ने भी नेट पर बल्लेबाजी की।

ब्रिजटाउन: भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अपने पहले प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाया, जिसमें विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने सुपर आठ में प्रभाव छोड़ने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए। कोहली ने न्यूयॉर्क की मुश्किल पिचों पर निराश किया और आईसीसी इवेंट के ग्रुप राउंड के बाद तीन पारियों में उनके स्कोर एक, चार और शून्य रन रहे। एक्सपर्ट्स और फैंस को उम्मीद है कि सुपरस्टार कोहली तब धमाल मचाएंगे जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी और यह सुपर आठ और टूर्नामेंट का नॉकआउट चरण होगा। भारत गुरुवार को यहां केनसिंग्टन ओवल में अपने पहले सुपर आठ मैच में अफगानिस्तान से खेलेगा।

जडेजा और कुलदीप ने बहाया पसीना

जडेजा ने भी अब तक बल्लेबाजी या गेंदबाजी में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं दिया है। कुलदीप का मामला अलग है क्योंकि उन्हें अभी तक प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि उनसे कैरेबियाई परिस्थितियों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है जहां स्पिनरों को फायदा मिला है। टीम के सभी सदस्य अभ्यास सत्र के लिए पहुंचे क्योंकि भारत 12 जून को न्यूयॉर्क चरण पूरा करने के बाद मैदान में नहीं उतरा था। खराब मौसम के कारण फोर्ट लॉडरडेल में कोई प्रशिक्षण या मैच संभव नहीं हो पाया था इसलिए खिलाड़ी सोमवार को सत्र का अधिकतम लाभ उठाने के लिए उत्सुक थे। भारतीय टीम के रनमशीन विराट कोहली का बल्ला अब तक इस पूरे वर्ल्ड कप में खामोश रहा है, जोकि टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अब तक 3 मैचों में विराट ने सिर्फ 5 रन बनाए हैं। वहीं अमेरिका के खिलाफ तो वह गोल्डन डक पर आउट हो गए थे। पाकिस्तान के खिलाफ शिवम दुबे का बल्ला पूरी तरह से खामोश रहा था। लेकिन यूएसए के खिलाफ उन्होंने 31 रन की मैच विनिंग पारी खेली और थोड़ी लय हासिल की। हालांकि सुपर 8 में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान जैसी इन फॉर्म टीमों से होगा। अब उनके खिलाफ भी दुबे उम्मीदों पर खरे उतरते हैं या नहीं वो देखना होगा। हालांकि वर्ल्ड कप टीम में सिलेक्ट होने के बाद से दुबे कुछ खास नहीं कर पाए हैं। आईपीएल के सेकिंड हाफ में शिवम का प्रदर्शन काफी साधारण रहा था। भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के लिए अब तक यह वर्ल्ड कप बिल्कुल भी खास नहीं रहा है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 खलकूटवा टाबू रोड पुलिस स्टेशन रांची में मिजवा जनरल स्टोर निनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय का नं .851-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670